वर्ष 24, अंक 232, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 2 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## ईरान संकट : उड़ानें रद्द, विदेशी नागरिक भारत में फंसे, सरकार ने वीजा विस्तार में राहत दी

**नई दिल्ली**

**पश्चिम एशिया** में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के रद्द होने से भारत में कई विदेशी नागरिक फंसे हुए हैं। ऐसे यात्रियों के लिए भारत सरकार ने वीजा विस्तार और स्थिति नियमित करने की सुविधा दी है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि जिन विदेशी नागरिकों की यात्रा योजनाओं में बाधा आई है और जिन्हें वीजा विस्तार या अपनी स्थिति को नियमित करने में सहायता की जरूरत है, वे अपने नजदीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से तुरंत संपर्क करें। मंत्रालय ने आश्वस्त किया कि संबंधित सभी आवश्यक मदद प्रदान



करेगा। अनुसार, पश्चिम एशिया हवाई क्षेत्र में पाबंदियों के कारण अब तक 444 से अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि भारत में वर्तमान में कितने विदेशी पर्यटक फंसे हुए हैं। सरकार ने विदेशी नागरिकों को सलाह दी है कि वे अपने यात्रा दस्तावेज़ों और वीजा की स्थिति नियमित रखें और अपने यात्रा कार्यक्रम में बदलाव के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क बनाए रखें। यह कदम उन विदेशी पर्यटकों के लिए राहत की खबर है, जो अचानक रद्द हुई उड़ानों और क्षेत्रीय अस्थिरता के चलते भारत में फंस गए हैं।

## मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं

**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने होली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का जीवन्त उत्सव है, जो सामाजिक समरसता, सौहार्द और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वह पर्व को उत्साह, हर्षोल्लास और शालीनता के साथ मनाएं, अफवाहों से दूर रहें और प्रशासन का सहयोग करें। उनका कहना है कि होली प्रेम, विश्वास और सकारात्मकता का संदेश देती है और समाज के सभी वर्गों को जोड़ती है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। मौर्य ने कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि होली उत्साह और परंपराओं के अनुरूप मनाएं, और किसी की भावनाओं को आहत न करें।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी होली की बधाई देते हुए प्राकृतिक रंगों के उपयोग और जल संरक्षण का संकल्प लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व जीवन में प्रेम, सौहार्द और नई ऊर्जा का संचार करे, और समाज में भाईचारा बढ़ाए। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। तीनों नेताओं का संदेश एक समान है—होली को उल्लास और उत्साह के साथ मनाएं, लेकिन शालीनता, भाईचारे और सुरक्षा का ध्यान अवश्य रखें।

### भाईचारे और शालीनता के साथ पर्व मनाने की अपील



## ईरान-इजराइल जंग तेज : अबू धाबी में हमले से भारतीय घायल

### खामेनेई के निधन के बाद 15 से अधिक शहरों में प्रदर्शन, 350 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली**

मध्य-पूर्व में ईरान-इजराइल के बीच जारी संघर्ष ने रविवार को और गंभीर रूप ले लिया। संयुक्त अरब अमीरात प्रशासन के अनुसार राजधानी अबू धाबी में ईरान के हमले में एक भारतीय नागरिक घायल हो गया। यूएई स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि घायल भारतीय नागरिक खतरे से बाहर है और दूतावास उसके लगातार संपर्क में है। दूतावास ने कहा कि हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।इस बीच, अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर लगातार दूसरे दिन भी हवाई हमले जारी रहने की खबर है। क्षेत्र में बढ़ते तनाव के चलते कई देशों ने अपने हवाई क्षेत्र को आंशिक रूप से बंद कर दिया है, जिसका असर भारत पर भी पड़ा है। रविवार सुबह अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन की पुष्टि के बाद भारत के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन शुरू हो गए। कश्मीर के श्रीनगर, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और संभल, बिहार की राजधानी पटना सहित 15 से अधिक शहरों में लोगों ने विरोध जताया। नई दिल्ली में कैंडल मार्च निकाला गया, जबकि लखनऊ में शिया समुदाय के लोगों ने मातम मनाया।मिडिल-ईस्ट में एयरस्पेस बंद होने के कारण 1 मार्च को भारतीय घरेलू एयरलाइंस की 350 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी फ्लाइट की स्थिति नियमित रूप से जांचते रहें और यात्रा से पहले संबंधित एयरलाइन से जानकारी अवश्य प्राप्त करें।क्षेत्र में जारी तनाव को देखते हुए भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और स्थानीय प्रशासन तथा दूतावास के दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है।



## भारत ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**कोलकाता**

**कोलकाता** के ईडन गार्डन्स में खेले गए सुपर-8 मुकाबले में भारत ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से मात देकर टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। अब भारत 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगा। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। रोस्टन चेज ने 40 और जेसन होल्डर नाबाद 37 रन बनाए। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट लिए। 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत डगमगाई। अभिषेक शर्मा और ईशान किशन सिर्फ 10-10 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तिलक वर्मा ने 15 गेंदों में 27 रन बनाए, जबकि कप्तान सूयर्कुमार यादव ने 16 गेंदों में 18 रन जोड़े। भारत की पारी संभालने का जिम्मा संजू सैमसन ने उठाया। उन्होंने सूयर्कुमार यादव के साथ 58 रन की साझेदारी की। इसके बाद तिलक वर्मा के साथ 42, हार्दिक पंड्या के साथ 38 और शिवम दुबे के साथ नाबाद 20 रन की साझेदारी कर भारत को जीत दिलाई। अंतिम ओवर में संजू सैमसन ने रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर चौका लगाकर मैच समाप्त किया। संजू सैमसन की शानदार नाबाद 97 रनों की पारी भारत के लिए सेमीफाइनल की राह आसान बनाने वाली साबित हुई। टीम की यह जीत खिलाड़ियों और प्रशंसकों के बीच उत्साह और भरोसे को और बढ़ा रही है।

## प्रयागराज की मशहूर कपड़ा फाड़ होली 4 मार्च को

**प्रयागराज।** संगम नगरी की पहचान बन चुकी मशहूर ह्यकपड़ा फाड़ होली इस वर्ष 4 मार्च को पूरे उत्साह और परंपरागत अंदाज में मनाई जाएगी। शहर के चौक-चौराहों और प्रमुख बाजारों में होने वाला यह अनोखा आयोजन हर साल बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित करता है। कपड़ा फाड़ होली की परंपरा वर्षों पुरानी है। इस दिन लोग समूह बनाकर एक-दूसरे के पुराने कपड़े प्रतीकात्मक रूप से फाड़ते हैं और रंग-गुलाल के साथ होली का उत्सव मनाते हैं। इसे आपसी मेल-जोल, मस्ती और भाईचारे का प्रतीक माना जाता है। आयोजन को लेकर व्यापारिक क्षेत्रों में खास तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है और बाहर से भी लोग इस अनोखी होली का आनंद लेने पहुंचते हैं। प्रशासन ने आयोजन को लेकर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने की तैयारी शुरू कर दी है। आयोजकों ने लोगों से अपील की है कि वे उत्साह के साथ-साथ शालीनता बनाए रखें और किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचें।प्रयागराज की यह विशेष होली शहर की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा बन चुकी है, जो हर वर्ष उमंग, उल्लास और एकता का संदेश देती है।



## महिला कांस्टेबल गीता ने लिछवी एक्सप्रेस में फिसलते यात्री की बचाई जान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** चौकसी और तत्परता का उदाहरण पेश करते हुए पोस्ट प्रयागराज में तैनात महिला कांस्टेबल गीता (16वीं बटालियन, रेल सुरक्षा विशेष बल) ने शनिवार को लिछवी एक्सप्रेस में फिसलते यात्री की जान बचाई।जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 14005 लिछवी एक्सप्रेस प्लेटफार्म संख्या 6 पर 17:54 बजे आगमन के बाद 18:06 बजे प्रस्थान कर रही थी। इसी दौरान यात्री अशोक कुमार, पुत्र रामहरी निवासी कानपुर, ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास करते समय असंतुलित होकर प्लेटफार्म पर गिरने लगे।महिला कांस्टेबल गीता ने तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए यात्री को पकड़कर सुरक्षित प्लेटफार्म की ओर खींच लिया। उनकी त्वरित कार्रवाई से एक संभावित गंभीर दुर्घटना टली और यात्री की जान सुरक्षित बच गई।रेल अधिकारियों ने कांस्टेबल गीता के साहस, सूझबूझ और मानवता की सराहना की। यह घटना ह्यऑपरेशन जीवन रक्षाह्व के तहत उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय संवेदनशीलता का प्रतीक मानी जा रही है।

## होली से पहले दिल्ली में 40000 लड़कियां बनेंगी 'लखपति'

दिल्ली

दिल्ली सरकार होली से पहले 'लखपति बिटिया योजना' के तहत 40,000 लड़कियों को 100 करोड़ रुपये देगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि लाडली योजना को 'लखपति बिटिया योजना' में बदला गया है। हजारों लड़कियां होली से पहले लखपति बन जाएंगी। दिल्ली सरकार सोमवार को दिल्ली लाडली स्कीम , 2008 के तहत मैच्योरिटी अमाउंट देगी। इस कार्यक्रम में कई नई महिला-केंद्रित स्कीम भी लॉन्च की जाएंगी। जिन 40 हजार लड़कियों के लाडली अकाउंट मैच्योर हो गए हैं, उनके बैंक खाते में सीधे 100 करोड़ रुपये जमा किए जाएंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मॉडल टाउन में आयोजित "पहला वर्ष बदलाव का एक साल विकास का" जन चर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली सरकार योजना शुरु करी थी, लेकिन उसका कुछ नहीं पता होता था। लाडली योजना भी इसी तरह का योजना बनाया गया था।

## जौनपुर में अध्यापक से 20 लाख की रंगदारी मांगने वाला नाबालिग गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जौनपुर के थाना तेजी बाजार क्षेत्र में एक अध्यापक से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले नाबालिग आरोपी को जीआरपी ने रविवार को छिवकी रेलवे स्टेशन से दबोच लिया। आरोपी रंगदारी न मिलने पर फायरिंग कर फरार हो गया था। सूचना मिलने पर जीआरपी प्रयागराज प्रभारी अकलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में छिवकी चौकी प्रभारी राजेश कुमार वर्मा की टीम ने महानगर एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 22177 में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एस-6 बोगी से आरोपी को दबोचकर जौनपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार, शनिवार को उन्हें सूचना मिली थी कि 15 वर्षीय किशोर ने अपने साथी के साथ मिलकर थाना तेजी बाजार में एक अध्यापक से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। जब अध्यापक ने रकम देने से इंकार किया, तो आरोपी ने फायरिंग की और फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ तेजी बाजार थाना में एफआईआर दर्ज है। जीआरपी ने कार्रवाई कर आरोपी को पकड़कर जौनपुर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने कहा कि आगे की जांच जारी है और आरोपी के साथी की भी तलाश की जा रही है।




## लखनऊ एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आए दो यात्रियों के पास से 18 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर डीआरआई की टीम ने बैंकॉक से लखनऊ आए दो यात्रियों के पास से लगभग 18 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 17 करोड़ 96 लाख रुपए आंकी गई है।दोनों तस्कर थाई एयर एशिया की उड़ान संख्या एफडी 146 से लखनऊ पहुंचे थे। महिला और पुरुष यात्री के पास से 12 गुलाबी रंग की पॉलिथीन में पैक हाइड्रोपोनिक वीड मिला।डीआरआई ने दोनों यात्रियों को तुरंत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने कहा कि मामले की आगे जांच जारी है और अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।यह कार्रवाई देश में हेरोइन और अन्य अवैध नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय तस्करी को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



### गोकुल में छड़ीमार होली की धूम :

## दुल्हन-सी सजी गोपियों ने बरसाईं छड़ियां, पुलिस और विदेशी सैलानी भी बने रंगोत्सव का हिस्सा

**मथुरा**

**ब्रज क्षेत्र** में होली का उत्साह चरम पर है। रविवार को गोकुल में सदियों पुरानी छड़ीमार होली परंपरा पूरे उल्लास के साथ निभाई गई। घूंघट ओढ़े, दुल्हन-सी सजी गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के बाल स्वरूप को रंग-गुलाल अर्पित किया और गोटेदार कपड़ों में लिपटी छड़ियों से पारंपरिक अंदाज में प्रहार किए। वातावरण ह्यजय राधे-जय कृष्णाह्व के उद्घोष और होली गीतों से गूंज उठा। नंदभवन से दोपहर करीब 12:30 बजे भगवान श्रीकृष्ण का डोला निकला, जिसमें कन्हैया और बलराम के बाल स्वरूप विराजमान थे। श्रद्धालु रंग और अबीर उड़ाते हुए डोले के साथ चलते रहे। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। चौराहों पर सजे मंचों पर महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करती नजर आईं। छड़ीमार होली के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे विदेशी सैलानी भी इस अनूठी परंपरा के साक्षी बने। गोपियों ने उत्साह में उन पर भी छड़ियां बरसाईं। पुलिसकमी भी रंगोत्सव से अछूते नहीं रहे। मौके पर मौजूद लोग हंसी-ठिठोली के बीच ह्यऔर मारो, और मारोह्व के स्वर लगाते रहे। पूरन प्रकाश ने राधा-कृष्ण बने कलाकारों के साथ नृत्य कर उत्सव में रंग भरा। ब्रज में होली का यह सिलसिला कई दिनों से जारी है। 25 फरवरी को बरसाना में और 26 फरवरी को नंदगांव में प्रसिद्ध लट्ठमार होली खेली गई थी, जहां सखियों ने हुरियारों पर पारंपरिक लाठियां बरसाईं। वहीं मथुरा और वृंदावन में भी होली के विविध आयोजन जारी हैं। गोकुल की छड़ीमार होली का इतिहास सदियों पुराना माना जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने यहां बाल लीलाएं की थीं। परंपरा के अनुसार, छड़ियों पर गोटेदार कपड़ा लपेटा जाता है ताकि प्रहार के दौरान किसी को चोट न पहुंचे। आस्था, परंपरा और उल्लास के संगम से सजी यह होली देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गई।







# स्कूटी फिसलने के बाद पिकअप की टक्कर से मामा-भांजी की मौत

अखंड भारत संदेश





**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के गारापुर-सिकंदरा मार्ग पर जयंतीपुर गांव के समीप रविवार शाम लगभग पांच बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मामा-भांजी की मौत हो गई। सड़क किनारे फैले बालू और पानी के कारण स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई, तभी सामने से आ रही बोलेरो पिकअप ने दोनों को कुचल दिया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव निवासी 29 वर्षीय रजत कुमार त्रिपाठी पुत्र रमा शंकर त्रिपाठी रविवार को वजीरपुर गांव स्थित अपने जीजा शशिकांत त्रिपाठी के घर गए थे। शाम करीब चार बजे वह अपनी 18 वर्षीय भांजी राशि त्रिपाठी को स्कूटी पर बैठाकर घर लौट रहे थे। जयंतीपुर गांव के सामने सड़क पर फैले बालू-पानी की वजह से उनकी स्कूटी फिसलकर गिर गई। उसी दौरान सामने से आ रही पिकअप वाहन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और दोनों को तत्काल स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि रजत कुमार त्रिपाठी वाराणसी की एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। उनके पिता का साया बचपन में ही उठ गया था। दो भाइयों में बड़े भाई की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी और अब रजत के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनकी माता शकुंतला सहित अन्य परिजन शोक में डूबे हैं। वहीं भांजी राशि त्रिपाठी तीन बहनों में सबसे बड़ी थीं और जीएनएम नर्सिंग की छात्रा थीं। उसके असमय निधन से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# 50 हजार का इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

अखंड भारत संदेश



**सुलतानपुर।** थाना बल्दीराय क्षेत्र में पुलिस और 50 हजार के इनामी बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी,जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा,एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि बल्दीराय पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक बदमाश अवैध असलहे के साथ पारा बाजार ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की,जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान आदर्श सिंह पुत्र दशरथ सिंह उर्फ प्रदीप सिंह निवासी ग्राम डोभियारा थाना हलियापुर के रूप में हुई। वह थाना हलियापुर से वांछित था और उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था।बताया जाता है कि 20 नवंबर 2025 को जनपद अयोध्या की पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश देने आई थी। आरोप है कि उस दौरान आरोपी ने परिजनों के साथ मिलकर पुलिस टीम पर हमला कर सरकारी असलहा व मोबाइल छीन लिए थे। इस संबंध में थाना हलियापुर में मुकदमा दर्ज है।घायल आरोपी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान मुठभेड़ हुई।आरोपी द्वारा की गई फायरिंग के जवाब में आत्मरक्षा में कार्रवाई की गई,जिसमें वह घायल हुआ।अवैध शस्त्र बरामद कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### तारडीह गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा, भक्तिमय माहौल में गूंजा हर-हर महादेव



**सहसों।** ग्राम सभा तारडीह में नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। शिव भक्त केदारनाथ मिश्र सहित ग्राम के अन्य श्रद्धालुओं के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में भगवान शिव सहित अन्य देवताओं की मूर्तियों की विधि-विधानपूर्वक प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना संपन्न हुई। भक्तों द्वारा अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर ह्यहर-हर महादेवह्ण और ह्यजय श्री रामह्ण के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालु नर-नारियों ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सांसद प्रवीण पटेल, विधायक दीपक पटेल, ब्लॉक प्रमुखों एवं पवन कुमार शुक्ला, सूर्य मणि पांडे सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों की सराहनीय भूमिका रही। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन एवं श्रद्धा का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिससे ग्राम सभा तारडीह का यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

### केसरवानी बाल मन्दिर कोरांव में होली मिलन समारोह आयोजित




**पसना।** केसरवानी बाल विद्या मन्दिर कोरांव प्रयागराज में बसन्तोत्सव(होली मिलन) कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को हर्षोल्लास के साथ किया गया । कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्रों एवं शिक्षकों के साथ-साथ प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष श्री राम बाबू केशरी (श्री राम) एवं छात्र अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय केआचार्य श्री विद्याधर शर्मा ने किया । छात्रों ने होली गीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा कोषाध्यक्ष रामबाबू केशरी द्वारा होली के पर्व की महत्ता, विशेषता व सामाजिक समरसता पर विशिष्ट उद्बोधन दिया गया । कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों कपिल, दिव्या, मासूम, लक्ष्मी, आस्था, करन, सत्यवान, ओम, छोटू आदि ने रंग गुलाल के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया । विद्यालय के मंगला सर, शबनम, सोनम, पायल, पूजा, नीलम आदि समस्त शिक्षकों ने कार्यक्रम में सहयोग किया ।

### मांडाखास से पिंडदान करने पितृ पक्ष की शुरूआत पर गया के लिए दंपति सहित हुए रवाना



**मांडा।** क्षेत्र में पितृ पक्ष की शुरूआत के अवसर पर रविवार शाम लगभग छह बजे लालचंद्र मौर्य और उनकी पत्नी रन्नो देवी अपने पूर्वजों के पिंडदान हेतु गया के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर परिजनों और ग्रामीणों ने डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए उन्हें भव्य और भावभीनी विदाई दी। सैकड़ों की संख्या में लोग इस विदाई समारोह में शामिल हुए और दंपति को शुभकामनाएं दीं। यह जत्था मांडाखास के चुरहटिया गांव, करमा सेतु से होते हुए काली मां चौराहा के आसपास के विभिन्न गांवों से गुजरा। यात्रा के दौरान लालचंद्र मौर्य और रन्नो देवी ने अपने स्वजनों से मुलाकात की और आशीर्वाद प्राप्त किया। लालचंद्र मौर्य अपने तीन भाइयों—भरत लाल मौर्य और शत्रुघ्न मौर्य—में सबसे बड़े हैं। हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार, उनके छोटे भाइयों, गांव के संभ्रांत लोगों और रिश्तेदारों ने अन्न व दक्षिणा भेंट कर उन्हें गांव की सीमा तक सम्मानपूर्वक विदा किया। यह यात्रा पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना के लिए की जा रही है।




### देखि सुदामा की दीन दशा करुणा करिके करुणानिधि रोए...

**जंघई।** श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन शास्त्री भवन, चक्रसुदर्शनपुर गांव में कथा व्यास महंत सुदर्शनाचार्य महाराज प्रयागराज ने सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन करते हुए कहा सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे गरीबी के बाद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते थे। धर्म पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार-बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। पत्नी के कहने पर सुदामा द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। तो श्रीकृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण अपने अश्रु से धोते हैं। सुदामा जी श्री कृष्ण से विदा लेकर अपने घर लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी घास फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं महाराज ने परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाकर कथा को संपन्न किया कथा का श्रवण कर समस्त श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए कथा संपन्न होने पर पूणार्हुति हवन महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक मंजू तिवारी एवं पंडित लालजी शास्त्री, पंडित रामजी तिवारी, पंडित अनिल तिवारी शास्त्री, ज्योतिपुंज तिवारी, प्रवीण तिवारी, सचिन तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# होली मिलन में समरसता व भाईचारे का संदेश, वार्षिकोत्सव में झलकी सांस्कृतिक छटा






दगवाँ स्थित अनन्दी प्रसाद जूनियर हाई स्कूल में आयोजित होली मिलन व वार्षिकोत्सव समारोह में अतिथियों का स्वागत करते विद्यालय प्रबंधन व उपस्थित गणमान्य

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** यमुनापार क्षेत्र के जसरा विकासखंड अंतर्गत दगवाँ स्थित में रविवार को वार्षिकोत्सव एवं होली मिलन समारोह भव्य व गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर अबीर-गुलाल के रंगों, उत्साह और उल्लास से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि नीरज त्रिपाठी, पूर्व अपर महाधिवक्ता उ.प्र. शासन ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देने वाला उत्सव है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी विश्वास और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव जैसे कार्यक्रम शिक्षा के साथ संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी का बोध कराते हैं, जिससे बच्चे जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा लेते हैं।

अध्यक्षता कर रहे डॉ. प्रेम शंकर शुक्ला ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा इन्द्रनाथ मिश्र ने ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के आयोजनों को सामाजिक एकता के लिए उपयोगी बताया। अतिविशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम ने कहा कि शिक्षा विकास की आधारशिला है और ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मंच मिलना आवश्यक है।

समारोह में छात्र-छात्राओं ने होली गीत, लोकनृत्य, नाट्य प्रस्तुति एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। होली मिलन के दौरान अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर सौहार्द का संदेश दिया।

इस अवसर पर विभव नाथ भारती, रामानन्द त्रिपाठी, आपूर्ति निरीक्षक अजय शुक्ल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। संरक्षक जनार्दन प्रसाद शुक्ल, प्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल, आयोजक सुभाष तिवारी एवं प्रधानाध्यापक मनोज कुमार शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

# बेलहट गोवंश आश्रय स्थल के पास नवनिर्मित बेलवनियां माइनर के टूटने से फसलों को नुकसान

## महीने भर पहले भी पसना के पास टूटने से फसलों को हुआ था नुकसान

अखंड भारत संदेश





**पसना।** कोरांव तहसील के बेलहट में बेलवानियां माइनर नहर रविवार दोपहर लगभग 1 बजे टूट गई। बेलहट गोवंश आश्रय स्थल के पास हुए इस हादसे से नहर का पानी आसपास के खेतों में भर गया, जिससे किसानों की फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है।

बभनपट्टी के किसान अवधेश दुबे, दिनेश मिश्रा और लल्लू मिश्रा की गेहूं चना व सरसों की फसलें पानी भरने से सड़ सकती हैं। हालांकि, गनीमत रही कि पानी खेतों से होकर बस्ती के पास स्थित एक तालाब में चला गया, जिससे आवासीय क्षेत्रों में जलभराव नहीं हुआ।

यह नवनिर्मित बेलवानियां माइनर नहर, जो बेलहट बभनपट्टी पसना से सींकी तक खेतों की सिंचाई के लिए बनाई गई है, इसमें अभी दो महीने पहले ही पानी आना शुरू हुआ था। पसना के किसान गंगा प्रसाद ने बताया कि कुछ दिन पहले भी यह नहर पसना और कपूरी गांव के पास टूट चुकी है, जिससे उनकी फसलों को नुकसान हुआ था।

पहाड़ी इलाका और नया निर्माण होने के कारण नहर बार-बार टूट रही है। इस वजह से नहर का पानी टेल (अंतिम छोर) तक भी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे किसानों को सिंचाई में परेशानी हो रही है।

बभनपट्टी निवासी समाजसेवी धीरज मिश्रा ने नहर टूटने की सूचना अधिशासी अभियंता बेलन नहर सत्य प्रकाश चौधरी को दी। इस संबंध में अवर अभियंता जितेंद्र पांडे ने दैनिक भास्कर को बताया कि सूचना मिलते ही नहर का प्रवाह बंद कर दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि वे और विभागीय कर्मचारी विपिन सिंह मौके पर पहुंचकर खेतों में जा रहे पानी को दूसरी तरफ मोड़ने की व्यवस्था करवाएंगे। कई किसानों ने बताया कि वर्तमान समय में फसलों को पानी की जरूरत नहीं है फिर भी नहर पूरी क्षमता से चल रही है।

## मेधावीयो को विभिन्न क्षेत्रो मे योगदान के लिए किया गया सम्मानित

**नैनी।** नैनी श्री लक्ष्मी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव रामलीला पार्क पी डी ए कॉलोनी नैनी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी राकेश कुमार श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि डॉ एके राय का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर पवन श्रीवास्तव तथा प्रधानाचार्य दीप्ति श्रीवास्तव ने पुष्प गुच्छ देकर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी स्वागत गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुंध कर लिया। कार्यक्रम के उपरांत अतिथियों ने मेधावी छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। स्पोर्ट मैन ऑफ द ईयर आराध्या मौर्य, और परमंन्यु को मिला, तो वही मोस्ट साइंस स्टूडेंट ऑफ द ईयर आराध्या कुमारी बेस्ट डांस वैष्णवी और पीहू पाल को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक, अध्यापिका के अलावा छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

# केंद्र और राज्य सरकार ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है : डॉ विनोद बिंद सांसद

अखंड भारत संदेश




**धनूपुर।** धनूपुर ब्लॉक परिसर में धनूपुर क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का भव्य उद्घाटन एवं होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक प्रमुख धनूपुर ज्योति यादव द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सांसद भदोही डॉ विनोद बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज डॉ वीके सिंह, ब्लॉक प्रमुख धनूपुर ज्योति यादव द्वारा फीता काटकर नवीन मीटिंग हॉल, खाद गोदाम और क्षेत्र की कई सड़कों का लोकार्पण करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से ग्रामीणों को आवागमन, भंडारण और प्रशासनिक बैठकों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेगी जिससे क्षेत्र की आधारभूत संरचना मजबूत होगी। मुख्य अतिथि सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष अपना दल भानु प्रताप पटेल को माला, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम आयोजक ब्लॉक प्रमुख द्वारा सम्मानित किया गया। सांसद ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है ऐसे विकास कार्य गांव की प्रगति का आधार है, सड़क निर्माण जैसे कार्य सामाजिक समरसता और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर निर्मला पासवान जिलाध्यक्ष भाजपा, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश तिवारी, इंजीनियर आलोक यादव, खंड विकास अधिकारी डॉ कंचन यादव, एडीओ पंचायत खेमराज, खंड शिक्षा अधिकारी प्रभा शंकर पांडेय, सीएचसी अधीक्षक पवन मिश्रा, दिनेश पांडेय, बालकृष्ण तिवारी, बालकृष्ण शुक्ला, जवाहर लाल गोंड, सुमित सीजू बघेल, मनोज बिंद, प्रधान संघ अध्यक्ष मनोज, वकील पांडेय, पिंटू पांडेय प्रधान, सीबी यादव एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पत्रकार, सफाई कर्मी और ब्लॉक कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रधान बंटी तिवारी एवं प्रधान राकेश यादव ने किया।

# किसानों को मिला आश्वासन, होली बहिष्कार का फैसला लिया वापस

## गंगापार में भूमि अधिग्रहण विवाद पर प्रशासन से वार्ता के बाद भूख हड़ताल स्थगित

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत गंगापार क्षेत्र में प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण को लेकर आक्रोशित किसानों ने प्रशासन से आश्वासन मिलने के बाद अपना आंदोलन फिलहाल स्थगित कर दिया है। अधिकारियों द्वारा बिना किसानों की सहमति भूमि अधिग्रहण न किए जाने का भरोसा दिए जाने के बाद किसानों ने भूख हड़ताल समाप्त करने तथा होली पर्व मनाने का निर्णय लिया। फूलपुर तहसील की 23 ग्राम सभाओं की जमीन अधिग्रहण की सूचना मिलते ही क्षेत्र में असंतोष फैल गया था। भूमि बचाओ अभियान समिति किसान मंच के संयोजक एवं पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर के ग्राम प्रधान द्वारिका मौर्य के नेतृत्व में किसानों ने गारापुर चौराहे पर रविवार से भूख हड़ताल शुरू करने और होली न मनाने का ऐलान किया था। आंदोलन की घोषणा के बाद पुलिस और गुप्तचर विभाग सक्रिय हो गए। मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के संज्ञान में पहुंचने के बाद प्रशासन ने तत्परता दिखाई। रविवार को जिलाधिकारी कार्यालय में अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र, उप जिलाधिकारी फूलपुर जूही प्रसाद तथा नायब तहसीलदार रविंद्र रावत की उपस्थिति में किसानों के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता हुई। वार्ता के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसानों की सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। इस आश्वासन के बाद किसानों ने सामूहिक रूप से भूख हड़ताल स्थगित करने और होली पर्व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया।

किसानों ने कहा कि यदि भविष्य में उनकी सहमति के बिना कोई कदम उठाया गया तो वे पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होंगे

बैठक में अभियान संयोजक एवं प्रधान संघ जिलाध्यक्ष द्वारिका मौर्य, पूर्व ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख रवि शुक्ला, ग्राम प्रधान नीबी खुर्द प्रिंशु तिवारी, वीरेंद्र प्रताप सिंह, चिंतामणि तिवारी, लवकेश मिश्रा, बलवंत सिंह, राजमणि शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, संतोष तिवारी, विजय तिवारी, सुरेंद्र पासी, उमेश शुक्ला, अनुज कुमार, सुरेश कुशवाहा, मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# वन विभाग की कथित मिलीभगत से मांडा क्षेत्र में हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, प्रशासन मौन

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। विभिन्न गांवों में बीते कई दिनों से बड़े पैमाने पर हरे पेड़ों पर आरी चलाई जा रही है, लेकिन संबंधित वन विभाग के अधिकारी अब तक कोई ठोस कार्रवाई करते नजर नहीं आ रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की कथित मिलीभगत के कारण ही लकड़ी माफिया बेखौफ होकर प्राकृतिक संपदा को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार कटाई का यह सिलसिला दिन-रात जारी है। कई स्थानों पर आम, नीम, शीशम और अन्य छायादार व उपयोगी पेड़ों को निशाना बनाया जा रहा है। रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और छोटे मालवाहक वाहनों से लकड़ियों की ढुलाई खुलेआम की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग को इसकी पूरी जानकारी है, इसके बावजूद न तो छापेमारी हो रही है और न ही दोषियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब भी शिकायत की जाती है, तो कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अवैध कटाई करने वाले लोगों को पहले से ही संभावित जांच की सूचना मिल जाती है, जिससे वे आसानी से बच निकलते हैं। इससे अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उधर ग्राम पंचायत गिरधरपुर के भरथीपुर गांव के समीप सड़क के किनारे विगत वर्षों से विशाल काया के रूप में प्राकृतिक शोभा व शुद्ध वातावरण के लिए स्थित महुआ का पेड़ है जहां की गर्मी बरसात के मौसम में उक्त महुआ के पेड़ से शुद्ध हवा प्राप्त करते है उक्त महुए के हरे पेड़ को काटने के फि राक में लगे हैं।

**हरे पेड़ कटवाने में वनविभाग की मिली भगत का ग्रामीणों ने लगाया गम्भीर आरोप**

बघौराखवासान - भरथीपुर गांव गांव सम्पर्क सड़क के किनारे स्थित विगत वर्षों पुराना महुआ का हरा पेड़ कटवाने की सूचना पर ग्रामीणों ने आनन फानन में वनविभाग को दी ' तो वनविभाग के दरोगा ने पेड़ कटवाने वाले माफियाओं को ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत की जानकारी दे दी जिससे गांव में आपसी तनाव का माहौल बना हुआ है ' वन विभाग की रवैया से ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है ऐसे हरे पेड़ कटवाने वालो की सूचना लकड़ी कटवाने वाले माफियाओं को जानकारी देने पर लोग कतराते हैं लेकिन कोई हरे पेड़ो की रक्षा करने का संकल्प लेता है तो वन विभाग की उदासीनता के कारण गांव में विवाद के साथ तनाव पूर्ण माहौल हो जाता है।

# प्रयागराज में 3994 स्थानों पर होलिका दहन, 114 संवेदनशील चिन्हित

**कउउउ से 1146 CCTV कैमरों की निगरानी, हर थाने में QRT तैनात, सोशल मीडिया पर कड़ी नजर**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए इस बार पुलिस प्रशासन ने व्यापक और बहुस्तरीय सुरक्षा खाका तैयार किया है। जिले में कुल 3994 स्थानों पर होलिका दहन होगा, जिनमें से 114 स्थानों को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन स्थलों को पूर्व वर्षों में हुई घटनाओं और विवादों के आधार पर चिन्हित किया गया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार गंगानगर जोन में सर्वाधिक 1646 स्थानों पर होलिका दहन होगा। यमुनानगर में 1499 और सिटी जोन में 849 स्थान तय किए गए हैं। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक स्थल पर पिकेट ड्यूटी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। हर प्वाइंट पर एक सब इंस्पेक्टर और दो कांस्टेबल तैनात रहेंगे, जो आयोजन समितियों के संपर्क में रहकर लगातार निगरानी करेंगे।

### शहर और ग्रामीण इलाकों में विशेष सतर्कता

शहर क्षेत्र के जॉर्जटाउन, खुल्दाबाद, लकड़मंडी, कोतवाली और मुट्ठीगंज को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। वहीं नवाबगंज, मऊआइमा, मांडा और करेली समेत कई ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में भी अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। आवश्यकता पड़ने पर रिजर्व फोर्स को तत्काल मौके पर भेजने की व्यवस्था की गई है।

### हर संवेदनशील थाने में क्विक रिएक्शन टीम

आपात स्थिति से निपटने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों वाले थानों में क्विक रिएक्शन टीम (QRT) तैनात की गई है। प्रत्येक टीम में दो सब इंस्पेक्टर और पांच कांस्टेबल शामिल हैं। इन्हें निर्देश दिया गया है कि सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित करें। साथ ही अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट पर रखा गया है, ताकि किसी भी आगजनी या हादसे की स्थिति में तुरंत कार्रवाई हो सके।

### ICCC से 24 घंटे निगरानी

शहर में लगे 1146 सीसीटीवी कैमरों की लाइव मॉनिटरिंग इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) से की जाएगी। दो मार्च की शाम से यहां 24 घंटे शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। एक एसीपी स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत फील्ड फोर्स को अलर्ट करेंगे ।

### सोशल मीडिया पर भी सख्ती

त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट और अफवाहों को रोकने के लिए कमिश्नरेट पुलिस के साथ तीनों जोन की सोशल मीडिया सेल सक्रिय कर दी गई है। विभिन्न प्लेटफॉर्म की निगरानी की जा रही है। किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट या वीडियो की सूचना तत्काल संबंधित थाना प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाएगी, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके।

### उपद्रवियों की सूची तैयार

एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर डॉ. अजयपाल शर्मा के मुताबिक, पूर्व में होली के दौरान माहौल बिगाड़ने वाले तत्वों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार की गई है। ऐसे संदिग्धों पर विशेष नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहार की आड़ में कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नाजरथ हॉस्पिटल स्कूल ऑफ नर्सिंग में 32वां जीएनएम दीक्षांत एवं 36वां दीप प्रज्वलन समारोह संपन्न

अखंड भारत संदेश







**प्रयागराज।** नजरथ हॉस्पिटल स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा आज 32वें जीएनएम दीक्षांत समारोह और 36वें दीप प्रज्वलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया । यह समारोह नर्सिंग पेशे की गरिमा, ज्ञान और करुणा के प्रतीक के रूप में मनाया गया । मुख्य अतिथि और विशिष्ट जन समारोह की अध्यक्षता इलाहाबाद धर्मप्रांत के अति माननीय बिशप लूइस मस्करेन्हस ने की। उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री मुदित चंद्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । श्री चंद्रा, जो OXLL'a प्रयागराज के पूर्व छात्र हैं और कोविड-19 के दौरान ऑक्सीजन एक्सप्रेस के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं, ने छात्रों को सेवा और सत्यनिष्ठा का संदेश दिया । कार्यक्रम में श्रीमती आयुषी भटनागर विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं।

इस अवसर पर मेधावी छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गयाः सिस्टर मोनिका लोबो को उनके निरंतर शानदार शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया। कुमारी एली मिंज और कुमारी अन्नू को उनके नैदानिक कौशल, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के लिए आिउटस्टैंडिंग स्टूडेंट अवार्ड दिया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत भव्य प्रार्थना नृत्य के साथ हुई । 36वें बैच के 39 नवागंतुक नर्सिंग छात्रों ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल की याद में प्रज्वलित दीप ग्रहण कर मानवता की सेवा की शपथ ली । 32वें बैच के स्नातकों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए । अस्पताल प्रशासन ने छात्रों की सफलता में उनके माता-पिता के त्याग और समर्थन की सराहना की । समारोह के अंत में सभी अतिथियों, डॉक्टरों, धर्मप्रांतीय पुरोहितों और अभिभावकों के लिए प्रीति भोज का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ । इस अवसर पर नजरथ हॉस्पिटल के निदेशक रेव. फादर विपिन डिसूजा, प्रशासक रेव. फादर इसिडोर डिसूजा और प्रधानाचार्या रेव. सिस्टर अल्वीना सहित कई गणमान्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

# भारतीय संस्कृत का पर्व होली समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द को करता है मजबूत : केपी श्रीवास्तव

**शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी के आवास जेवनियां में आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में रंग गुलाल के जश्न में डूबे ग्रामीण**

**मेजा।** विकासखंड उरूवा के जेवनियां (शंभूकापुरा) में रविवार को शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी के आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में स्नेह और सौहार्द की अनोखी झलक देखने को मिली। राजनीतिक, सामाजिक व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में पूरा माहौल रंगमय हो उठा। कार्यक्रम में लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।


होली मिलन समारोह में आमंत्रित अतिथियों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन करते शिवसेना कार्यकर्ता

समारोह के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य केपी श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनकर मिश्रा ने किया। इस दौरान आगंतुकों का स्वागत करते हुए रुचि अभिषेक तिवारी ने अंगवस्त्रम व माल्यार्पण कर अतिथियों का सम्मान किया। इसके बाद होली मिलन कार्यक्रम विधिवत शुरू हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केपी श्रीवास्तव ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है, जो समाज को जोड़ने का काम करता है। ऐसे आयोजनों से आपसी प्रेम और सौहार्द मजबूत होता है। उन्होंने आयोजक की पहल की सराहना करते हुए सभी से शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील की।

इसी क्रम में रुचि अभिषेक तिवारी ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला पर्व है। उनका प्रयास है कि त्योहार की खुशियां समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि अपने संबोधन में जरूरतमंदों की सेवा ही सच्चा सामाजिक दायित्व बताया और ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रखने की अपील किया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों असहाय लोगों को मिठाई व गुझिया भेंट कर उन्होंने होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। शिवसेना प्रदेश सचिव की इस पहल की लोगों ने बेहद सराहना की और इसे सामाजिक सरोकार से जुड़ा प्रयास बताया। समारोह इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ला, रिंकू ओझा, भोला गौतम, राहुल मिश्रा, शिव उपाध्याय, नितेश तिवारी ,शिवम शुक्ला, दीपक गौड़, पमपम पांडे राजू पांडे, रोहित पांडे, विनय शुक्ला तथा विकास तिवारी विक्की आदि के अलावा कई अन्य गणमान्य लोग एवं जरूरत मंद लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। समारोह के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में आयोजित इस होली मिलन समारोह की लोगों ने जमकर प्रशंसा करते हुए शिवसेना की प्रदेश सचिव के प्रति आभार प्रकट किया है।

# महेवा गांव में एम.पी.एल. सीजन एक का फाइनल मुकाबला संपन्न

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के महेवा गांव में आयोजित एम.पी.एल. सीजनझ1 का फाइनल मुकाबला हाफ ग्राउंड टूनामेंट के रूप में बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। रोमांचक मुकाबले में विनीत 11 की टीम ने दारागंज 11 को हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फाइनल मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन अंततः विनीत 11 की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। इस टूनामेंट का आयोजन रवि निषाद द्वारा किया गया जबकि समापन कार्यक्रम को सफल बनाने में बिपिन निषाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। गांव में आयोजित इस प्रतियोगिता से युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और खेल भावना को बढ़ावा मिला। स्थानीय लोगों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## मांडा में बच्चों के विवाद में मारपीट, महिला समेत नौ पर मुकदमा दर्ज

**मांडा।** बच्चों के विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट की गई। आरोपियों ने घर में घुसकर महिला को पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ बलवा सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना मांडा थाना क्षेत्र के खास मांडा निबियरिया मोहल्ले में हुई। पिंकी देवी पत्नी सुरेश सोनकर ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद मोहल्ले के लालजी सोनकर, पप्पू सोनकर, सागर सोनकर, गोविन्द, गुड्डू, धर्मेन्द्र, ननकाई, कुमारी मनीषा और मीरा देवी उनके घर पर आ गए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पिंकी देवी के दरवाजे पर चढ़कर उनके साथ मारपीट की। जब मोहल्ले के लोग इकट्ठा होने लगे, तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पिंकी देवी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सभी नौ आरोपियों के खिलाफ बलवा सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# होली व रमजान पर्व को लेकर एलर्ट मूड में हैं एसीपी एसपी उपाध्याय दिया शांति और सौहार्द का संदेश

**कहा - होली एवं रमजान पर्व के दृष्टिगत सर्किल के सभी थाना प्रभारी रहें पूरी तरह सतर्क, त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं,शांति और सौहार्द बनाए रखने हेतु दिए सख्त निर्देश अफवाह फैलाने एवं माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध लें कड़ा एक्शन**

(चन्द्रमा प्रसाद/अतुल तिवारी)

**मेजा।** होली और रमजान त्यौहार को लेकर सर्किल में पूरी तरह एलर्ट एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय ने कहा कि आपसी भाईचारे प्रेम एवं सौहार्द का त्यौहार होली व रमजान के मद्देनजर सर्किल में माहौल बिगड़ने अथवा अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्वों एवं खलल डालने वाले अपराधियों पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा। त्यौहार के दौरान जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सर्किल में अमन चैन और शांति व्यवस्था सुनिश्चित कराना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।


एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय

उल्लेखनीय है कि शासन के निदेर्शों क्रम में आपसी भाईचारे और सौहार्द का पर्व होली तथा रमजान को लेकर एसीपी श्री उपाध्याय बेहद एलर्ट मूड में हैं। कहीं भी किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को एक्टिव रहने का सख्त निर्देश दे दिए हैं। होली व रमजान पर्व शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न हो त्यौहार के पूर्व ही उन्होंने सर्किल के थानों मेजा मांडा और कोरांव थाना प्रभारियों को सख्त और कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं। गौरतलब है कि परंपरागत होली त्योहार को लेकर सर्किल में की गई तैयारियों पर अखंड भारत संदेश समाचार पत्र प्रतिनिधि मेजा द्वारा की गई औपचारिक मुलाकात के दौरान उन्होंने यह जानकारी साझा किया है। उन्होंने कहा कि रंगों का पर्व मनाते समय दूसरों की भावनाओं का सम्मान और संवेदनशीलता को ठेस न पहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार की आड़ में उपद्रव जैसी घटनाओं से दूर रहते हुए कानून को हांथ में लेने से बचें और शराब पीकर वाहन आदि न चलने की हिदायत भी दिए हैं। श्री उपाध्याय ने त्यौहार के दृष्टिगत किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूर्व से ही संबंधिक पुलिस चौकियों एवं थानों में पीस कमेटी की बैठक जोर दिया और होली पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के साथ शांति पूर्वक ढंग से मनाने और कानून व्यवस्था मेंटेन रखने में स्थानीय पुलिस का सहयोग करने का भी आग्रह किया है। उन्होंने अपने संदेश में स्पष्ट रूप से कहा है कि होली पर किसी भी प्रकार की विभागीय लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इतना ही नहीं त्यौहार के मद्देनजर गर्म तेवर में दिखे सन 2020 के अधिकारी एसीपी मेजा ने आगे कहा कि परंपरागत त्योहार पर सर्किल में धार्मिक उन्माद,अशांति तथा माहौल बिगड़ने वाले शरारती तत्वों पर कठोर एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि त्यौहार के दृष्टिगत सर्किल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान कहीं भी अशांति न फैले इसके लिए सर्किल में पुलिस की कई टीमें भ्रमणशील रहेंगी। इस दौरान उन्होंने सर्किल के आम लोगों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए परंपरागत पर्व को शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न कराने में स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया है।

# समाजसेवा कोई दिखावा नहीं बल्कि गरीबों का उत्थान और उन्हें खुशियां देना है खानदानी संस्कार : हरिशंकर शर्मा

**कठौली गांव के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान पप्पू टिकैत भईया जी की अनोखी पहल, पेश की मानवता की मिशाल, होली के पूर्व गरीब परिवारों को दिया बड़ा तोहफा, घर घर जाकर दी होली की शुभकामनाएं, कहा शांति और सौहार्द पूर्वक मनाएं होली का पर्व**

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** आपसी भाईचारा और सौहार्द का पर्व होली की मिठास हर घर में हो इस उत्कृष्ट पहल के साथ दबे कुचले समाज के लोगों के उत्थान और मदद के लिए सदैव आगे रहने वाले कठौली गांव के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत भईया जी) ने होली के पूर्व रविवार को कठौली गांव में अपने सहयोगी टीम के साथ घर - घर जाकर होली किट जिसमें एक अच्छी खूबसूरत साड़ी, एक किग्रा. चीनी, सूजी, मैदा, रंग अबीर और रिफाइन भरा पैकेट वितरित कर मानवता की ऐतिहासिक मिशाल पेश किया है। इस दौरान उन्होंने बस्ती वासियों को प्रेम, आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी लोगों से शांति पूर्वक और सुरक्षित तरीके से त्यौहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी पर्व की असली और आत्मिक खुशी तब मिलती है जब समाज के सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक वह खुशी पहुंचे। समाजसेवी श्री शर्मा का मानना है कि उनका यह समाजसेवा का कार्य कोई दिखावा एवं किसी स्वार्थ अथवा निजी लाभ को लेकर नहीं है बल्कि ऐसे समाज की सेवा और उनका जीवन बेहतर बनाना और उन्हें खुशियां पहुंचना उनका खानदानी संस्कार और दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि स्वयं की आत्म खुशी के लिए पूरे गांव में दो हजार गरीब परिवारों को होली की यह मिठास रूपी खुशियां बांटी जा रही है। गौरतलब है कि आध्यात्मिक और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित वरिष्ठ समाजसेवी हरिशंकर शर्मा (पप्पू टिकैत भईया जी) के दे द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य और अनोखी मिसाल की जहां ग्रामीणों ने जमकर प्रशंसा की है वहीं कठौली गांव सहित गड़ेवरा प्रजापति बस्ती, पाल बस्ती, संतनगर, जनवार, धोबियांन, दर्जियांन तथा खटिकान बस्ती में होली के पर्व को लेकर जश्न का माहौल है। इस मौके पर समाजसेवी श्री शर्मा के बड़े सुपुत्र राजन शर्मा, समाजसेवी सत्य प्रकाश शर्मा (बबलू), ग्राम प्रधान शंभूलाल, परमानंद प्रजापति, रामसेवक प्रजापति, हीरामणि प्रजापति, जग्गन निषाद, रामकरन प्रजापति, विजय बहादुर प्रजापति, गुलाब प्रजापति, शोभनाथ प्रजापति, सिद्धार्थ कुमार, बीडीसी राजकुमार सोनकर, अंबिका प्रजापति, केपी प्रजापति, माधो प्रजापति, इंद्रबहादुर प्रजापति, महेश प्रजापति, उमेश प्रजापति, सियाराम प्रजापति, डा आरएन गुप्ता तथा तीरथ कुमार आदि के अलावा कई अन्य ग्रामीण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


कठौली गांव के जरूरत मंद ग्रामीणों को उपहार में होली किट वितरित करते समाजसेवी हरिशंकर शर्मा और उनके सहयोगी टीम के लोग

# होली मिलन समारोह पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** क्षेत्र के समोधीपुर गांव स्थित मधु हॉस्पिटल पर रविवार कों होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डायरेक्ट राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग कन्हैया लाल रहे। कार्यक्रम आयोजक मधु हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ. एस के सिंह आये हुऐ सभी अतिथियों कों अंग वस्त्र और माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया। वही होली मिलन समारोह में तिवारी बंधु द्वारा होली गीतगाकर सब कों मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यअतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने अपने सम्बोधन में कहा की रंगो का पावन पर्व होली हम सब कों हर्षोल्लास उत्साह और पारम्परिक रीतीरीवाज के साथ त्यौहार मनाना चाहिए एक दूसरे कों गुलाल लगाकर आपसी प्रेम सौहार्द के साथ होली मनाये। आयोजित होली मिलन समारोह मे गुलाब की फूलो की वर्षा कर होली मनाई गयी। और रंगारंग कार्यक्रम मे होली गीत पर उपस्थित सभी लोगों ने खूब आनन्द लिया। विशिष्ट अतिथि कन्हैया लाल ने कहा त्यौहार का असली उद्देश्य समाज कों जोड़ना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है।इस मौके पर सैदाबाद ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र सिंह पटेल, पूर्व ब्लाक प्रमुख माउआईमा सुधीर मौर्या, ग्राम प्रधान फलराज भारतीया, अनिल कुमार, समाजसेवी पप्पू पासी, डॉ. विनोद पटेल, राजकुमार, कमलेश, आदि लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम आयोजक डॉ. एस. के. सिंह आये हुऐ सभी अतिथियों का आभार जताते हुऐ जलपान कराया।

# स्कूलों में सांस्कृतिक प्रशिक्षण के साथ बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा और संस्कार देना है बेहद अहम : रौनक गुप्ता

**मेजा तहसील क्षेत्र के बगहा सिरसा स्थित सर्वाधिक चर्चित एवं लोकप्रिय एमएल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच हुआ संपन्न**

**स्कूल के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता, निदेशिका बबिता गुप्ता और प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता ने आमंत्रित अतिथियों का किया भव्य स्वागत एवं अभिनंदन जताया आभार**

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र के बगहा, सिरसा स्थित सर्वाधिक लोकप्रिय स्कूल एमएल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह शनिवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया संपन्न हुआ। स्कूल के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। वार्षिकोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि प्रयागराज सिविल डिफेंस अधिकारी रौनक गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार मेजा नन्दलाल, नगर पंचायत अध्यक्ष सिरसा लखन केशरी,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम कृष्ण यादव, समाजसेवी भोलानाथ सोनकर, लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य महेंद्र जायसवाल, कांशीराम महाविद्यालय के प्रबंधक रणजीत सोनकर तथा प्रधान खानपुर गोरेलाल रहे। उल्लेखनीय है कि समारोह में उपस्थित अतिथियों, स्कूल प्रबंधतंत्र तथा आमजनमानस का आभार जताते हुए मुख्य अतिथि को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रौनक गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि मेजा क्षेत्र के चर्चित एवं सबसे लोकप्रिय इस स्कूल में हमें शिक्षा और संस्कार दोनों देखने को मिला है ऐसी शिक्षा अनुशासन और संस्कार बहुत कम देखने को मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा ही समाज का दर्पण है, ऐसे में स्कूलों में बच्चों को गीत संगीत, नाटक, एवं लोकनृत्य के प्रशिक्षण के साथ साथ उत्कृष्ट शिक्षा और संस्कार प्रदान किया जाना बेहद अहम है। उन्होंने स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार मेजा नंदलाल ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए स्कूल के बच्चों ने जलवा बिखेरते हुए जो संदेश दिया है इसी से उनकी प्रतिभा शिक्षा,अनुशासन और संस्कार का अनुमान लगाया जा सकता है जो आगे चलकर उनके भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि बच्चो को छोटे मंच से ही बड़े मंच पर जाने का अवसर मिलता है। इसी प्रकार समारोह के दौरान अन्य उपस्थित अतिथियों ने भी अपने अपने विचार रखते हुए स्कूल प्रबंधन और बच्चों उत्कृष्ट प्रतिभा की सराहना किया। इस मौके पर स्कूल की निदेशक श्रीमती बबिता गुप्ता, प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता, प्रधानाचार्य मेवालाल यादव, कॉलेज के प्रधानाचार्य विपिन शुक्ला, शिक्षक विपिन शुक्ला, नवदीप यादव, मनोज विश्वकर्मा, कमलेश शर्मा, प्रभांशु दुबे, रिशु शर्मा, नेहा गुप्ता, पूजा त्रिपाठी, रीना यादव, गूंजा, सविता शुक्ला, इति सिंह, लवलेश यादव, मोहन मिश्रा, विपुल यादव, मूर्तध्वज द्विवेदी, संतोष कुमार, गौरव पांडेय, अविनाश, दिव्यांशु गुप्ता, आकाश गुप्ता, भोला, अंजनी गुप्ता तथा जमुना यादव आदि के अलावा अभिभावक गण व आम लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


एमएल पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि का मंच पर अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत करते स्कूल प्रबंध तंत्र के लोग

# होली हंगामा में कवियों ने बहाई फागुनी बयार, लगे ठहाके

अखंड भारत संदेश





**प्रतापगढ़।** होलियाना अंदाज, होलियाना माहौल और होलियाना पंक्तियों ने ऐसा रंग जमाया कि लोग आनंद के सागर में उतरते चले गए। राजनीति से लेकर समाज के विभिन्न विषयों पर कवियों ने बेबाकी से अपनी बात रखी। लीला पैलेस सेनानी चौक मीरा भवन में आयोजित 27वें होली हंगामा कवि सम्मेलन में हास्य व्यंग्य के साथ सच्चाई भी मुखरित हुई। शाम से रात ढलते हुए भोर ने कब दस्तक दे दी, पता न चला। आयोजन सामाजिक समरसता का गुलदस्ता भी महका।

हैदरगढ़ बाराबंकी के प्रसिद्ध गीतकार शिव किशोर खंजन की रचनाएं खूब सुनी गईं। उन्होंने सुनाया...जब तक सीमा पर एक भी वीर जवान रहेगा, तब तक यह मेरा भारत देश महान रहेगा। लोकभाषा के प्रसिद्ध कवि डा. राजेश कुमार पांडेय निर्झर प्रतापगढ़ी ठेठ अंदाज में पढ़ा...कुकुर केतनो कंठी बांधे दो चटबै तो करी, कीरा कितना फन सिकोरे लेकिन कटबै तो करी। बनारस के अंबुज मिश्रा ने दिलों में हलचल पैदा की...जिसको चाहा निकटतम नहीं हो सका, प्रेम तद्भव से तत्सम नहीं हो सका। अध्यक्षता कर रहे गजलकार राज मूर्ति सिंह सौरभ ने पढ़ा...लाल गुलाबी बैगनी, नीले पीले श्याम, प्यार मोहब्बत दोस्ती रंगों के पैगाम। लोगों में जोश भरते हुए रायबरेली के राज किशोर सिंह किशोर की पंक्तियां छा गईं...खून और पानी साथ न बहेंगे अब, इसी मूल मंत्र पर विचार होना चाहिए। कोई उग्रवादी कैंप बचने न पाए कहीं, कड़ा से कड़ा अब प्रहार होना चाहिए। इं. चंद्रकांत त्रिपाठी शाश्वत के गीतों की रसवर्षा में लोग खूब भीगे। गीतकार सुनील प्रभाकर ने गीत सुनाया...हमारी तुम्हारी कहानी बनेगी, ये सदियों चलेगी निशानी बनेगी। ठहर जाएंगे दो घड़ी जिस जमीं पर, वहीं प्रेम की राजधानी बनेगी। चंद्र प्रकाश पांडे मंजुल ने सुनाया...बही बसंती बहार सुना, हियां फागुन मां बाबा देवर लागैं। कार्यक्रम का जोरदार ढंग से संचालन कर रहे प्रसिद्ध गीतकार डा. श्याम शंकर शुक्ल श्याम ने पढ़ा...कृष्ण की बांसुरी राधिका नाम है, रंग बरसाना है वृंदावन धाम है। प्रेम के रंग में रंग दो यह प्यारी धरा, होलिका प्यार का दूसरा नाम है। हास्य रसावतार डंडा बनारसी ने पाकिस्तान को दुत्कारा...वह सरहद से बजाते थे नफरत की बांसुरी, हमने जब बांस बजाया तो बुरा मान गए। प्रेम कुमार त्रिपाठी ने साफ कहा...जिंदगी उधार है, प्रेम में उधार दो। अनूप अनुपम ने सुनाया...वंदन है अभिनंदन माता, तेरी जय जयकार करूं। झूठ और फरेबी पर मैं कलम से अपने वार करूं। कार्यक्रम में गजेंद्र सिंह विकट, उजड्ड जौनपुरी, अनूप त्रिपाठी, हरिवंश शुक्ल शौर्य, शीतल सुजान, सुधीर रंजन द्विवेदी के साथ ही कवियत्री सुप्रिया, पूनम मिश्रा, कल्पना तिवारी ने भी काव्य पाठ करके मंच को सार्थक स्वरूप प्रदान किया। इस दौरान विधायक रामपुर खास आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि ज्ञान प्रकाश शुक्ल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्या, भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. आशुतोष त्रिपाठी, ट्रक आपरेटर यूनियन के जिलाध्यक्ष विजय सिंह, सपा नेता अश्वनी सोनी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. नीरज त्रिपाठी, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी, भाजपा के जिला प्रवक्ता राघवेंद्र नाथ शुक्ल, अपना दल विधि मंच के नेता परमानंद मिश्रा, वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष सूर्यकांत मिश्र निराला, भाजपा नेता और समाजसेविका सुशीला सरोज, बेलखरनाथ धाम के संस्थापक व कृष्णायन मानस के रचयिता शिवहर्ष ब्रह्मचारी के परिवार के पूर्व बैंक अधिकारी रामकुमार ओझा, समाजसेवी अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात, शिक्षाविद राजेश मिश्र, डा. अनूप कुमार पांडेय, शिक्षक डा. अमित पांडेय मौजूद रहे।

### सामाजिक कार्यों पर मिला सम्मान

इस अवसर पर पूर्व सीएमएस वरिष्ठ सर्जन डा. एसी त्रिपाठी, डा अमोद शुक्ला, वरिष्ठ संस्कृताचार्य पंडित भैया राम त्रिपाठी, निशुल्क विधिक जन सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, बच्चा बैंक के पदाधिकारी अनुज शुक्ला व शशांक मिश्रा, समाज सेविका सुशीला सरोज समेत विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के संरक्षक कथा व्यास पं. अवध नारायण शुक्ल वियोगी महाराज ने स्वस्तिवाचन कर कार्यक्रम को दिशा दी। भाजपा के वरिष्ठ नेता, अखिल भारतीय चंद्र विकास संस्थान न्यास के प्रमुख शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने कहा कि होली के रंगों की तरह मिलकर रहना ही ऐसे आयोजनों का संदेश होता है। 27 साल से कायम यह परंपरा प्रतापगढ़ की पहचान से जुड़ गई है।

# पैमाइश को जा रहे दो लेखपाल सड़क हादसे में घायल

### एसडीएम व तहसीलदार ने सीएचसी पहुंचकर जाना हाल-चाल



**पट्टी।** पैमाइश के कार्य के लिए कंधई थाने से पुलिस बल लेने जा रहे दो लेखपाल सड़क हादसे में घायल हो गए। हादसा पट्टी क्षेत्र में रखहा बाजार के समीप हुआ। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पट्टी लाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घायलों में लेखपाल अंकित सिंह शामिल हैं, जो पट्टी कोतवाली क्षेत्र के चरैया गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। वहीं दूसरे घायल लेखपाल राधा कृष्ण मिश्रा हैं, जो प्रयागराज के निवासी हैं और लौआर गांव में लेखपाल के पद पर तैनात हैं। बताया जा रहा है कि दोनों लेखपाल पैमाइश के लिए कंधई थाने से पुलिस बल लेने जा रहे थे, तभी रास्ते में रखहा बाजार के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पट्टी के एसडीएम पूर्णेन्द्र मिश्रा और तहसीलदार पवन सिंह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ सीएचसी पट्टी पहुंचे और घायल राजस्व कर्मियों का हाल-चाल लिया। अधिकारियों ने चिकित्सकों से उपचार की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए। सीएचसी पट्टी की इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि दोनों घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है और उनका इलाज जारी है।

# शिक्षा व स्वच्छता के साथ मानवता की सच्ची सेवा ही ईश्वर सेवा : संत गाड़गे



**प्रतापगढ़।** संत गाडगे जागरूकता मंच के बैनर तले रविवार को मीराभवन स्थित एक मैरिज हाल मे संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डॉ गौतम चौधरी, डॉ. सुरेन्द्र चौधरी सदस्य विधान परिषद उ.प्र. विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, डॉ.मधु चौधरी व बोलता प्रसाद रहे। रोशनलाल उमरवैश्य, प्रमुख उद्यमी राजेश चौधरी समन्वय संरक्षिका लीलावती, सुशील कुमार दद्दू सूरज सरोज जिला कृषि अधिकारी, डॉ. दयाराम मौर्य ररत्नर, हेमंत कुमार टुन्नू इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष आदि ने गौरवमयी उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। नेहा कनौजिया और महिला टीम द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण सूरज कनौजिया और कार्यक्रम की रुपरेखा कोषाध्यक्ष दिनेश चौधरी ने प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद डॉ.गौतम चौधरी ने कहा कि संत गाडगे जी का संपूर्ण जीवन शिक्षा, स्वच्छता व मानव की सेवा में लगाया उन्होंने मानवता की सेवा को ईश्वर पूजा के बराबर माना इसके साथ ही वे शिक्षा पर बल देते हुए वह लोगों से कहा करते थे कि एक रोटी कम खाओ, फटे पुराने कपड़े पहनो लेकिन अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाओ। इस अवसर पर कार्यक्रम अति विशिष्ट अतिथि एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि गाडगे जी के वैचारिक और सामाजिक आंदोलन आज भी प्रासंगिक है। हमे उनके द्वारा बताये गए मार्ग का अनुसरण कर समाज को सही दिशा मे गति प्रदान करनी चाहिए। नगर पालिका बेल्हा अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल सिंह ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमो से समाज को जोड़ने मे बहुत मदद मिलती है। जनपद में एक पार्क बाबा संत गाडगे के नाम से बनाया जाएगा। लोकवाणी प्रयागराज के अध्यक्ष बोलता प्रसाद ने बताया कि गाडगे जी महाराज बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के समकालीन थे और दोनों ने मिलकर आडम्बर पाखंड छुआछूत जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ संघर्ष किया। एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने कहा कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश मे गाडगे जी के इतने अनुयायी हुए और उनके बताये गए मार्ग पर चलने लगे कि बहुत से लोगों ने और वहां की सरकारों ने गाडगे जी के नाम से विद्यालय कॉलेज महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के साथ साथ वृद्धाश्रम और अनाथालय खोलना शुरू कर दिए। मंच के मुख्य मार्गदर्शक राकेश कनौजिया ने बताया कि गाडगे जी बचपन से ही तर्कशील व्यक्ति थे। साधु बनने से पूर्व वह एक अच्छे किसान हुआ करते थे। उनके नाम से महाराष्ट्र मे अमरावती विश्वविद्यालय संचालित है। अध्यक्षता कर रहीं सीमा कनौजिया ने लोगों से कहा कि अब हमे समाज को अच्छी राह दिखाने के लिए गाडगे जी के आंदोलन संघर्ष का अनुसरण करना चाहिए। मंच का संचालन कार्यक्रम के मुख्य संयोजक व अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार विमल ने किया। सभी अतिथियों के प्रति आभार भारत राम व दिनेश चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से व्यक्त किया गया। संगीता नेहा कनौजिया सुषमा कनौजिया आरती अरवी दूधनाथ सरोज अखिलेश गौतम दिनेश सरोज संतोष चौधरी ने कविता और गीत के माध्यम से कार्यक्रम को जोड़े रखा।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** नगर क्षेत्र के अचलपुर स्थित कैरियर एकेडमी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में विज्ञान दिवस उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वर्ष 2026 की थीम ह्न ओमेन इन साइंस कैटेलाइजिग विकसित भारतह्न के अंतर्गत यह आयोजन विशेष रूप से महिला वैज्ञानिकों के महत्वपूर्ण योगदान को समर्पित रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार की भावना तथा विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विज्ञान मॉडलों, प्रयोगों एवं परियोजनाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में विज्ञान से संबंधित अनेक रोचक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए गए,जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं आगंतुकों ने भी भागीदारी की। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने प्रोजेक्ट्स का प्रस्तुतीकरण करते हुए उनके वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल भाषा में समझाया, जिसकी सभी ने सराहना की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रबंधक शशांक पाण्डेय ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।उन्होंने अपने संबोधन में विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान मानव जीवन के विकास का आधार है और विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं में सुजीत मिश्रा,अजय, आकाश, शमी, विपुल पाण्डेय, चिया माविकल,मधु सिंह, विशाखा श्रीवास्तव,कीर्ति सोनी तथा स्वाती शुक्ला आदि उपस्थित रहे। यह विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई तथा विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने वाली रही।

### गड्ढे में फंसकर बाइक पलटी, महिला समेत दो घायल

**पट्टी।** बेलसंडी गांव के समीप रविवार देर शाम सड़क पर बने गड्ढे से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में महिला समेत दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, कंधई थाना क्षेत्र के सरवरपुर गांव निवासी अनीता देवी प्रजापति (35) अपने जीजा विजय कुमार प्रजापति के साथ पट्टी कोतवाली क्षेत्र के चितवनपुर से रिश्तेदारी से लौट रही थीं। जैसे ही वे बेलसंडी गांव के पास पहुंचे, अचानक सड़क पर बने गहरे गड्ढे में बाइक का पहिया फंस गया और वाहन पलट गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्काल मदद करते हुए एंबुलेंस बुलवाई। सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि दोनों घायलों की हालत सामान्य है और उनका उपचार जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग पर कई स्थानों पर गड्ढे बने हुए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# होटल में खाना खाने गए युवक की अंगूठी हुई गायब



**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र में एक होटल में खाना खाने पहुंचे युवक की सोने की अंगूठी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। पीड़ित ने होटल के एक वेटर पर अंगूठी चोरी करने की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और होटल की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

जानकारी के अनुसार बेलखरनाथ धाम विकासखंड क्षेत्र के डड़वा महोखरी गांव निवासी संतोष तिवारी पुत्र राकेश तिवारी ने कंधई थाने में तहरीर देकर बताया कि वह थाना क्षेत्र के एक होटल में खाना खाने गए थे। खाना खाते समय उन्होंने अपनी सोने की अंगूठी उतारकर मेज पर रख दी थी। खाना खाने के बाद जब उन्होंने अंगूठी देखी तो वह वहां से गायब थी। पीड़ित के अनुसार अंगूठी की कीमत करीब 53 हजार रुपये बताई जा रही है। काफी देर तक होटल में तलाश करने के बावजूद अंगूठी का कोई पता नहीं चल सका। संतोष तिवारी को आशंका है कि होटल के किसी वेटर ने उनकी अंगूठी उठा ली है। मामले की सूचना मिलने के बाद कंधई पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जांच के लिए पहुंचे उपनिरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही होटल के कर्मचारियों और वेटर से भी पूछताछ की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ के आधार पर मामले की सच्चाई सामने आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को होली की शुभकामना



**प्रतापगढ़।** होली पर्व के मद्देनजर जनपद में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि होली रंगों, उमंग और आपसी भाईचारे का प्रतीक पर्व है, जिसे प्रेम सद्भाव और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने अपने संदेश में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सामुदायिक समरसता का भी प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा है कि कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य न करे जिससे किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे या सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो। जबरन रंग न लगाएं, कीचड़ या गंदगी किसी पर न फेंके तथा तेज आवाज में डीजे या ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप ही करें। साथ ही मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहें और वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को सुरक्षित ढंग से होली खेलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है।

### जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप आयोजित



**प्रतापगढ़।** रविवार को स्टेडियम में जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में क्रीड़ा अधिकारी पूनम लताराज तथा विशिष्ट अतीत के रूप में उपक्रीड़ा अधिकारी तथा ताइक्वांडो प्रशिक्षक रणजीत यादव उपस्थित रहे।जिनकी देखरेख में प्रतियोगिता संपूर्ण हुई। जिसमें बी बी एस पब्लिक इंटर कॉलेज वरना कुंडा की टीम 66 पॉइंट लेकर चैंपियन रही दूसरे नंबर पर 45 पॉइंट के साथ संगम इंटरनेशनल स्कूल रही। इस प्रतियोगिता में बीएस पब्लिक इंटर कॉलेज वरना कुंडा संगम इंटरनेशनल स्कूल प्रतापगढ़ मालती इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के साथ स्टेडियम में प्रशिक्षण ले रहे बच्चे सहित बहुत सारे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन सेक्रेटरी कीर्ति यादव ने सबके प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की है कि भविष्य में ऐसे ही प्रतियोगिताएं होती रहेगी, प्रतियोगिता के समापन समारोह का संचालन क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।

### जमीन की घेराबंदी उखाड़ने व धमकी देने पर मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** कोतवाली पट्टी क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर घेराबंदी उखाड़ने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सैफाबाद गांव निवासी आशा गुप्ता पत्नी त्रियुगी नारायण ने कोतवाली पट्टी में दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने ग्राम ढिदुही में स्थित भूमि का बैनामा कराया है। भूमि की सुरक्षा के लिए आठ पत्थर और आठ लोहे के पिलर गाड़कर तार से घेराबंदी कर दी थी। आरोप है कि रामसजीवन पुत्र अयोध्या, सर्वेश पुत्र रामसजीवन और उर्मिला पत्नी रामसजीवन ने मिलकर भूमि पर लगे पिलर और तार को उखाड़कर गिरा दिया। घटना की जानकारी प्रार्थिनी और उसके पति को 5 फरवरी की सुबह हुई। पीड़िता का कहना है कि जब वह अपने पति के साथ आरोपियों के घर शिकायत करने पहुंची तो सभी लोग गाली-गलौज करते हुए मारने के लिए दौड़ा लिए। किसी तरह दोनों वहां से भागकर अपनी जान बचाई। आरोप है कि आरोपियों ने दोबारा जमीन पर आने या घेराबंदी करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने यह भी बताया कि इससे पहले भी आरोपियों द्वारा दबंगई के बल पर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया था, जिसे दीवानी न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश पारित किए जाने के बाद रोका गया था।पीड़िता ने पुलिस से मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने, धमकी समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### शैक्षिक भ्रमण पर प्रयागराज रवाना हुआ परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का दल



**लालगंज।** परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का एक दल रविवार को शैक्षिक भ्रमण पर प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। ब्लाक लालगंज के गौखड़ी समेत तीस परिषदीय विद्यालय के कुल साठ मेधावी बच्चों का एक दल रविवार की सुबह दो बसों से एक्सपोजर विजिट में प्रयागराज रवाना हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों के दल को रवाना किया। शैक्षिक भ्रमण में बच्चे वहां तारामंडल में तारों के बारे में जानकारी हासिल करेंगे। वहीं संग्रहालय का अवलोकन कर ऐतिहासिक व पुरातात्विक वस्तुओं के बारे में जानेंगे। इस मौके पर एआरपी ऋषि द्विवेदी, मंत्री विष्णु सिंह, चंद्र प्रकाश मिश्र, पंकज मिश्र, मनीष पांडेय, विशाल सिंह, आशा रानी, संजय कुमारी, रामपाल, कमलेश, अशोक, रामचंद्र, पन्ना लाल, मनोज, अश्वनी, विजय, सचिन आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### आरोग्य मेले में 139 मरीजों के स्वास्थ्य का हुआ परीक्षण

**लालगंज।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। इसमे चिकित्सक ने विभिन्न रोगों डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, त्वचा रोग आदि बीमारियों के मरीजों का परीक्षण किया गया। कुल 139 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हे निश्शुल्क दवाइयां दी गई। पीएचसी पूरे नोती में 53, रानीगंज कैथोला में 48 व पहाड़पुर में 38 मरीजों का इलाज किया गया।

# तालाब की जमीन पर किया जा रहा अवैध कब्जा



**सांगीपुर।** देवापुर पट्टी कचेहरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के ठीक सामने तालाब खाते में दर्ज सड़क किनारे बहु कीमती जमीन पर गांव के दबंग किस्म के व्यक्ति द्वारा जबरन अवैध तरीके निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो स्थानीय राजस्व कर्मियों को अवैध निर्माण की सूचना दी गई लेकिन अवैध निर्माण को लेकर किसी के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जमीन सड़क पर होने के कारण उक्त जमीन को लेकर अवैध कब्जाधारक द्वारा पिछले कई महीनों से कब्जे की कोशिश चोरी चुपके की जा रही थी। एसडीएम शैलेंद्र वर्मा ने बताया की प्रकरण की जानकारी करके तालाब की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकवा कर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर साइंस एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**प्रतापगढ़।** शहीद भगत सिंह एजुकेशन एकेडमी में साइंस एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने वैज्ञानिक विचारों और क्राफ्ट कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे संतोष कुमार गुप्ता प्राचार्य क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान अफीम कोठी प्रतापगढ़ उपस्थित रहे। उन्होंने फीता काटकर और गुब्बारे उड़ाकर साइंस एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। शहीद भगत सिंह एजुकेशनल एकेडमी के प्रबंधक डॉ पूनम पांडे और प्रिंसिपल निशा सिंह ने मुख्य अतिथि संतोष गुप्ता और वी एस मेमोरियल के डायरेक्टर राकेश सिंह को बुके देकर और शाल ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया। इस दौरान मुख्य अति संतोष गुप्ता शहीद भगत सिंह एजुकेशन एकेडमी प्रबंधिका और प्रिंसिपल ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रांतिकारी और मशहूर वैज्ञानिकों के चित्र पर माला पहनकर और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्राचार्य संतोष गुप्ता ने कहा रविज्ञान और क्राफ्ट में छात्रों की रुचि को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। यह प्रदर्शनी छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर है अपने विचारों को प्रदर्शित करने पर विद्यालय की प्रबंधिका डा पूनम पांडे ने आगे कहा, रविद्यालय परिवार शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में सदैव काम करती रही है। हम छात्रों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।र प्रदर्शनी में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल और क्राफ्ट आइटम प्रदर्शित किए, जिनमें सोलर एनर्जी जल संरक्षण राम मंदिर जल शोधन प्रक्रिया और दीपावली में सजावट से जुड़े आर्ट के मॉडल शामिल थे। विद्यालय परिवार में शिक्षक आनंद तिवारी शिवकांत राजेश पाल मंजू मिश्रा प्रिया मिश्रा, अर्पिता सिंह ईशा सिंह सूफिया सपना दुबे रेणुपाल अर्निका आजाद ऋषिता आंचल शालिनी स्नेहा यादव महिमा सिंह शाइस्ता आकृति पाण्डेय सुनीता प्रतिभा रजक तन्वी पूनम मिश्रा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आजया सिंह ने किया और सभी के प्रति विद्यालय की प्रिंसिपल निशा सिंह ने धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

### ई-रिक्शा पलटने से महिला घायल

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के सराय महेश गांव की रहने वाली सरोज देवी पत्नी शिव पूजन सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया जाता है कि वह अपने मायके पृथ्वीगंज से अपने गांव आ रही थीं। इसी दौरान रास्ते में शर्मा गांव के समीप अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा में सवार सरोज देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पट्टी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। महिला की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# शिक्षा के साथ व्यक्तित्व का विकास भी जरूरी : श्यामशंकर द्विवेदी



**प्रतापगढ़।** एल.जी. एकेडमी विद्यालय चिलबिला में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने वैज्ञानिक मॉडल को नवाचार परियोजनाएं तथा सुन्दर कलाकृतियां प्रस्तुत कीं। विद्यालय की प्रबंधक बेबी द्विवेदी ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का श्रेष्ठ माध्यम हैं और उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित करते हैं। निदेशक श्यामशंकर द्विवेदी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियां भी व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्या एवं मुख्य अतिथि अनिल प्रताप त्रिपाठी आशुतोष पाण्डेय (सपा जिलाध्यक्ष) और शिवाकांत शुक्ला ने दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्या ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच रचनात्मकता और आत्मविश्वास को विकसित करने में सहायक होते हैं। विज्ञान प्रदर्शनी में जल संरक्षण सौर ऊर्जा पर्यावरण सुरक्षा स्मार्ट सिटी मॉडल तथा रोबोटिक्स से संबंधित मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं कला प्रदर्शनी में चित्रकला पोस्टर निर्माण एवं विभिन्न रचनात्मक कलाकृतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। अभिभावकों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय। के स्टाफ मौजूद रहे।

# कौशाम्बी संदेश

## भाजपा छोड़ कर ब्राह्मणों ने बसपा का थामा दामन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** मोदी सरकार द्वारा सवर्ण समाज के विरोध में यूजीसी का कानून बना करके सवर्ण समाज का जिस तरह से उत्पीड़न करने की कोशिश की गई है इससे सवर्ण समाज में भाजपा के प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है और इसी आक्रोश के चलते ब्राह्मण समाज के लोगों ने भाजपा से दूरी बना ली है यूजीसी के विरोध में ब्राह्मणों ने 2027 में भाजपा का खुलकर विरोध करने का ऐलान कर दिया है यूजीसी का बिल लाए जाने के बाद लगातार भाजपा से सवर्ण समाज दूरी बना रहा है आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में यदि सवर्ण समाज ने भाजपा का विरोध कर दिया तो भाजपा की लुटिया डूबना तय माना जाता है यूजीसी का बिल लाकर मोदी सरकार ने जिस तरह से सवर्ण समाज का विरोध किया है अब

**2027 में ब्राह्मण करेंगे हाथी की सवारी ब्राह्मण शंख बजाएगा हाथी बढ़ता जाएगा**

**ब्राह्मण ठाकुर लाला बनिया मिलकर बदलेंगे दुनिया दिया नारा सर्वजन हिताय सर्वर्जन सुखाय के संकल्प को साकार करेंगे सवर्ण समाज**

सर्वजन हिताय सर्वर्जन सुखाय के संकल्प को सवर्ण समाज के लोगों ने साकार करने का संकल्प लिया है। बहुजन समाज पाटी के तत्वाधान में कौशांबी जनपद में जिला कार्यालय में एक दिवसीय कार्यकर्ता संगोष्ठी में बड़े पैमाने पर भाजपा छोड़ के बहुजन समाज पाटी में ब्राह्मण सम्मिलित हुए इस अवसर पर ब्राह्मण ठाकुर लाला बनिया मिलकर बदलेंगे दुनिया का नारा दिया गया है भाजपा छोड़कर बहुजन समाज पाटी




में शामिल हुए ब्राह्मण ने कहा कि 2027 में ब्राह्मण करेंगे हाथी की सवारी ब्राह्मण शंख बजाएगा हाथी बढ़ता जाएगा बैठक के दौरान शामिल हुए लोगों में भाजपा के प्रति जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा था अजय मिश्रा नीतीश मिश्र सोनू त्रिपाठी रत्नेश त्रिपाठी मुकेश त्रिपाठी सत्यदेव त्रिपाठी रोहित चौबे समेत सैकड़ों ब्राह्मणों ने बसपा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र गौतम के आग्रह पर बसपा का दामन थाम लिया है यह कौशाम्बी के यमुना नदी के किनारे पर स्थित 24 के तिवारी जमीदार लोग है इनका राजनीति में अच्छा दबदबा रहता है पूरे जिले में इनका प्रभाव है इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इस बार 2027 में बसपा की सरकार आना तय है क्योंकि पूरे उत्तर प्रदेश ही नहीं भारत देश में सवर्णों का जो अपमान भाजपा ने किया है उसका खामियाजा 2027 में भुगतना पड़ेगा पासी समाज के मसीहा समझे जाने वाले पूर्व ब्लाक प्रमुख और कद्दावर नेता गिरीश पासी के साथ सैकड़ो पासी समाज के नेताओं ने भाजपा छोड़कर बसपा में शामिल हो गए हैं गिरीश पासी का अपने समाज के बीच वर्चस्व है और गिरीश पासी के साथ सैकड़ो नेताओं के शामिल होने के बाद बसपा का जनाधार बढ़ता दिखाई पड़ रहा है।

## दुकान पर कब्जा खाली करवाने से बौखलाया व्यक्ति रचने लगा फर्जी मुकदमे में फंसाने की साजिश

**महेवाघाट कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के जितेंद्र कौशल पुत्र संजय कौशल बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं इनकी चाचा के मकान में बनी दुकान को पुनवार निवासी फूलचंद्र सोनकर पुत्र दुःखी सोनकर ने किराए पर लेकर बर्तन की दुकान खोल रखी थी लेकिन दुकान लेने के बाद ना तो किराया देता था और ना दुकान खाली करने का प्रयास करता था जब मकान मालिक जितेंद्र कौशल के चाचा ने अपने मकान के दुकान को खाली करने का दबाव बनाया तो फूलचंद सोनकर बौखला गया दुकान खाली करवाने के लिए व्यापारियों ने भी जितेंद्र कौशल का समर्थन किया और कब्जा करने वाले फूलचंद सोनकर पर तमाम दबाव बनाने के बाद फूल चंद्र सोनकर से दुकान तो खाली हो गई लेकिन दुकान खाली होने से बौखलाए फूलचंद सोनकर रोज नए-नए ड्रामा करने लगा है मकान मालिक और उसके भतीजे जितेंद्र कौशल सहायक अध्यापक को फसाने के लिए आए दिन शिकायती प्राथर्ना पत्र दे रहा है कहानी बनकर पहले दो महिलाओं को भेजा और सहायक अध्यापक को फसाने की कोशिश की गई लेकिन पुलिस की जांच में फूलचंद सोनकर की करतूत उजागर हो गई और महिलाओं ने अपनी शिकायत वापस ले लिया जिससे सहायक अध्यापक बेकसूर साबित हो गया लेकिन इतने में भी फूलचंद सोनकर का मनोबल नही टूटा यदि फजी ड्रामा रचने वाले फूलचंद सोनकर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया होता और गिरफ्तार करके जेल भेज देती तो फजी ड्रामा करने वाले फूलचंद सोनकर का मनोबल टूट जाता दुकान खाली होने के बाद बौखलाए फूलचंद सोनकर ने फिर मकान मालिक और उनके भतीजे सहायक अध्यापक जितेंद्र कौशल के विरुद्ध साजिश रचना शुरू कर दिया है सोने के जेवर गायब करने का आरोप लगाकर पुलिस को फिर शिकायती पत्र देना शुरू कर दिया है इसी बहाने फूलचंद सोनकर आए दिन सहायक अध्यापक जितेंद्र कौशल को और उनके चाचा को गाली गलौज कर रहा है धमकी दे रहा है धन वसूली की बात कर रहा है अब सवाल उठता है कि अपने मकान की दुकान को खाली करवाना कौन सा अपराध है दुकान पर कब्जा करने की नियत रखने वाले फूलचंद सोनकर से दुकान खाली करवाने में पश्चिम शरीरा के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी जितेंद्र कौशल का समर्थन किया था उसके बाद फूलचंद सोनकर के कब्जे से दुकान खाली हुई थी झूठी शिकायती प्राथर्ना पत्र देकर सहायक अध्यापक पर आरोप लगाकर एक तरफ उनकी छवि धूमिल की जा रही है दूसरी तरफ कानून व्यवस्था से भी खिलवाड़ किया जा रहा है आखिर दूसरे का मकान कब्जा करने का क्या फूलचंद सोनकर को छूट देना कानून संगत होगा या फिर अपना मकान खाली करवाना कानून संगत होगा मकान खाली करवाने के बाद साजिश रचने वाले फूलचंद के शिकायती पत्र की जांच कर उसे बेनकाब कर फूल चंद्र सोनकर पर कठोर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है वरना इसी तरह झूठा शिकायती पत्र देकर एक तरफ सहायक अध्यापक के परिवार को परेशान करता रहेगा दूसरी तरफ शिकायती पत्र की जांच के दौरान पुलिस भी परेशान होती रहेगी सहायक अध्यापक ने मामले में पश्चिम शरीरा थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर साजिश रचने वाले फूलचंद सोनकर के कारनामे की जांच कर उस पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## जिला बदर होने के बावजूद घर पर रह रहा था अपराधी, पुलिस ने किया गिरफ्तार भेज दिया जेल

**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सुनील उर्फ मिथुन पुत्र कन्धई निवासी ग्राम इचौली को जिला बदर करने का आदेश दिया गया था,लेकिन अपराधी युवक जिला बदर की समय सीमा के अंदर अपने घर पर ही रह रहा था,पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार कर लिया,पुलिस ने लिखापढ़ी कर दोषी को न्यायालय पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया।कोखराज थाना क्षेत्र के इचौली गांव निवासी सुनील उर्फ मिथुन पुत्र कन्धई को जिला मजिस्ट्रेट डॉ० अमित पाल ने 19 फरवरी को जिला बदर किया था। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी को नोटिस तामीला कराते हुए अवगत कराया था एवं नियमानुसार डुग-डुगी बजाकर गांव में प्रचार प्रसास किया गया था। 28 फरवरी को कोखराज थाना पुलिस को सूचना मिली कि जिलाबदर अपराधी सुनील उर्फ मिथुन अपने घर पर मौजूद है। सूचना पर कोखराज थाना पुलिस ने आरोपी को ग्राम इचौली से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तारी के आधार पर थाना पर गुण्डा गदी नियंत्रण अधिनियम के तहत एक और मामला दर्ज कर लिया और आरोपी को लिखापढ़ी कर न्यायालय में पेश किया जहा से उसे जेल भेज दिया गया।

## आगामी त्यौहार होली रमजान के दृष्टिगत डीजे संचालकों की थानों पर हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** शासन के कड़े रुख के बाद पुलिस प्रशासन भी अब ध्वनि प्रदूषण और कानून व्यवस्था को लेकर सख्त हो गया हैं। रविवार को जिले के कई पुलिस थानों में डीजे संचालकों के साथ पुलिस ने बैठक कर डीजे के संचालन में शासन के निर्देश का पालन करने का निर्देश दिया है इसी तरह कड़ा धाम कोतवाली परिसर में रविवार को डीजे संचालकों की बैठक आयोजित हुई इस बैठक में थाना प्रभारी त्रिलोकी नाथ पांडेय ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कारवाई की जाएगी।बैठक के दौरान थाना प्रभारी त्रिलोकी नाथ पांडेय ने डीजे संचालकों को शासन की गाइडलाइंस का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दिया।ध्वनि सीमा का पालन डीजे निर्धारित डेसिबल सीमा से अधिक तेज आवाज में नहीं बजाए जाएंगे।



रिहायशी इलाकों और साइलेंस जोन का विशेष ध्यान रखना होगा।अश्लील गानों पर पाबंदी रहेगी सार्वजनिक कार्यक्रमों या जुलूसों में किसी भी प्रकार के अश्लील या भड़काऊ गाने बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।समय सीमा का ध्यान रखना होगा रात में शासन द्वारा तय की गई समय सीमा के बाद डीजे बजाना अपराध की श्रेणी में आएगा।दोषियों पर एफआईआर दर्ज होगी निर्देशों की अनदेखी करने पर न केवल डीजे जब्त किया जाएगा,बल्कि संचालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा भी दर्ज होगा।शांति व्यवस्था बनाए रखने की थाना प्रभारी ने अपील करते हुए कहा कि उत्सव और समारोह की खुशी दूसरों के लिए परेशानी का सबब नहीं बननी चाहिए। उन्होंने संचालकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं भी जागरूक बनें और ग्राहकों को भी शासन के नियमों के बारे में जानकारी दें।

## एकल अभियान के द्वारा मनाया गया होली मिलन समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** अंचल कौशाम्बी में दिनांक 01/03/2026 को होली मिलन समारोह यस पी मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल बबुरा मंझनपुर में मुकुन्दी लाल की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह एकल पद्धति के साथ शुभारंभ हुआ।जिसमें अंचल महिला समिति अध्यक्षा श्रीमती सोनिया राजपूत अंचल महिला समिति उपाध्यक्षा श्रीमती माधुरी केसरी अंचल ग्राम विकास समिति अध्यक्ष विक्रम मौर्य अंचल आरोग्य समिति उपाध्यक्ष मनोज कुमार महिला समिति प्रियंका देवी सुश्री मंजू देवी के द्वारा भारत माता एवम् सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण,पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।जिसमे होली मिलन समारोह में फगुआ गीत के साथ अबीर-गुलाल के रंग में होकर भव्य कार्यक्रम किया गया।एकल अभियान द्वारा संचालित अंचल कौशाम्बी में



300 विद्यालय का संचालन हो रहा है।एकल अभियान में पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से शिक्षित, स्वस्थ विकसित स्वाभिमानी और संस्कारित करने का कार्य हो रहा है।इस कार्यक्रम का कुशल संचालन संजय कुमार साहू जिला संगठन मंत्री एकल अभियान कौशाम्बी के द्वारा किया गया।इस अवसर पर अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक नागेश्वर प्रसाद अंचल गतिविधि प्रमुख राजेश प्रसाद अंचल कार्यालय प्रमुख उधम सिंह अंचल व्यास कथाकार सूरज भान एवं संच प्रशिक्षक ओम प्रकाश, रमेश चंद्र, वीरेंद्र सिंह, जीवन लाल, राकेश कुमार, पूनम कुमारी, रंजना कुशवाहा, रंजना देवी, सुषमा श्रीवास्तव, संच व्यास, विकास कुमार, सुशील कुमार, गिरीश चंद्र, श्वेता कुमारी, वंदना कुमारी संच समिति राजेंद्र प्रसाद एवं आचार्य भाई-बहने उपस्थित रही।

## दो बच्चों के साथ गायब हुई विवाहिता अनहोनी की आशंका

### साले ने अपने बहनोई पर बहन व दो बच्चों को गायब करने का लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले की एक विवाहित अपने दो बच्चों के साथ गायब हो गई है,विवाहिता के भाई ने अपने बहनोई पर बहन व दो बच्चों को गायब करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बसेढ़ी उपरहर का बताया जा रहा है संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उमरछा गांव के रहने वाले सत्येंद्र कुमार ने संदीपन घाट थाना पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसकी बहन सत्यवती प्रजापति की शादी बसेड़ी उपरहार निवासी अनंत कुमार के साथ फरवरी 2018 को हुई थी।सत्यवती प्रजापति की दो संताने हैं जिसमें एक की उम्र लगभग 6 साल है और दूसरे की 2 साल है।उसका बहनोई अनंत कुमार कोई काम धाम नहीं करता है वह केवल शादी विवाह में गाड़ियां चलाने का काम करता है,जिससे उनका घर का खर्च भी नहीं चलता और घर का खर्च चलाने के लिए वह अपनी बहन को हर महीने कुछ ना कुछ खर्चा भी भेजते हैं,तब जाकर उनके घर चलता था। सत्येंद्र ने आरोप लगाया कि 27 फरवरी को उसके जीजा अनंत कुमार ने बताया कि उसकी बहन बच्चों के साथ कही चली गई है।उसने दो दिनों तक खोजा और रिश्तेदारी में पता भी किया लेकिन उसकी बहन व दो बच्चों का पता नहीं चल पाया। जिसके चलते अनहोनी होने की आशंका व्यक्त करते हुए सत्येंद्र कुमार ने अपने बहनोई के खिलाफ बहन सत्यवती व दोनों बच्चे को गायब करने की शिकायत की है।इस मामले में संदीपन घाट थाना प्रभारी इंद्रदेव का कहना है शिकायती पत्र मिला है उसके पति को थाने बुलवाकर पूछताछ के लिए पुलिस टीम को भेजा गया है। जांच पड़ताल की जा रही है,जल्द ही विवाहिता और उसके दो बच्चों को खोज लिया जाएगा।

## नाबालिग बालिका को भगा ले जाने वाले अभियुक्त को कोखराज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र से 25 नवम्बर 2025 को एक नाबालिग बालिका को युवक अपने साथ भगा ले गया था घटना के बाद परिवार के लोगों ने मामले की सूचना कोखराज थाना पुलिस को दी कोखराज थाना में सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा था उपरोक्त क्रम में दिनांक 01.03.2026 को कोखराज थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अरविन्द कुमार पुत्र छोटका निवासी चिन्तापुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

## मिट्टी डालने के विवाद में दबंगों ने महिला को डंडे से पीटा चार पर मुकदमा दर्ज

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के टेंगाई गांव में मिट्टी डालने को लेकर हुए विवाद में चार लोगों ने एक महिला को डंडे से पीटा है और जान से मारने की धमकी दी पीड़िता राजकुमारी पत्नी उमेश कुमार ने थाना पुलिस को तहरीर दे कर बताया कि रविवार सुबह करीब 10 बजे वह अपने चबूतरे पर मिट्टी लगवा रही थीं। इसी दौरान गांव के ही रज्जन,शोभा देवी,पुष्पा और हिमांशु वहां पहुंच गए और मिट्टी डालने का विरोध करने लगे।आरोप है कि विरोध करने पर सभी ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए महिला के साथ मारपीट की और ईंट-डंडों से हमला कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घबराई महिला ने कोखराज थाने पहुंचकर आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## कई दिनों से लगातार थाना पुलिस द्वारा शराब बरामद कर आबकारी विभाग पर मारा जोरदार तमाचा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** अवैध शराब की बिक्री और निर्माण पर रोक लगाए जाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने आबकारी विभाग में अफसरों की तैनाती की है आबकारी विभाग में लंबी चौड़ी फौज तैनात है शराब गांजा अफीम चरस पर कार्यवाही करने के लिए आबकारी विभाग के पास संसाधन है लेकिन आबकारी विभाग के सिपाही से लेकर आबकारी इंस्पेक्टर तक केवल व्यवस्थाओं को खोखला कर धन वसूली तक सीमित रह गए हैं थाना पुलिस द्वारा शराब माफियाओ पर कार्यवाही किए जाने के मामले में आबकारी विभाग के अधिकारियों का कौन सा योगदान है। आबकारी

**आबकारी विभाग के अधिकारियों की निरंकुशता के चलते जिले में आबकारी विभाग से संबंधित गांजा अफीम चरस और शराब के अवैध धंधे पर रोक नही लग रही है**




**थाना पुलिस द्वारा शराब माफियाओ पर कार्यवाही किए जाने के मामले में आबकारी विभाग के अधिकारियों का कौन सा योगदान है**

विभाग द्वारा शराब अफीम गांजा पर ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है उसके बाद भी आबकारी अधिकारी केवल तमाशा देखने तक सीमित है जिससे उनकी मनसा पर भी सवाल खड़ा है आबकारी विभाग के अधिकारियों की निरंकुशता के चलते जिले में आबकारी विभाग से संबंधित गांजा अफीम चरस और शराब के अवैध धंधे पर रोक नहीं लग रही है होली पर्व के पूर्व थाना पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही कर शराब कारोबारियों की कमर तोड़ दी है लगातार पुलिस की कार्यवाही के बाद शराब कारोबारियों में दहशत का माहौल बन गया है लेकिन थाना पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही किए जाने की इस बात में आबकारी विभाग के अधिकारियों का कौन सा योगदान है पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में तीन दिन के बीच जिले के विभिन्न थाना पुलिस द्वारा शराब भट्ठियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करके भारी मात्रा में थाना पुलिस ने शराब बरामद की है और भारी मात्रा में थाना पुलिस ने लहन नष्ट कराकर तमाम शराब भट्ठियों को नष्ट कर दिया है जिससे शराब माफियाओं के सामने मुसीबत दिखाई पड़ने लगी है लेकिन सवाल उठता है कि शराब की भट्ठियों शराब की अवैध बिक्री और निर्माण पर कार्यवाही करने के लिए सरकार ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है लेकिन आबकारी विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते नहीं दिख रहे हैं शराब भट्ठियों पर थाना पुलिस की लगातार कार्यवाही के बाद एक बार फिर आबकारी विभाग पर जोरदार तमाचा पड़ा है लेकिन उसके बाद भी आबकारी विभाग के बेशर्म अफसरों को शर्म नहीं महसूस हो रही है कि उनकी जिम्मेदारी पर पुलिस कार्यवाही कर रही है और आबकारी विभाग के अधिकारी तमाशा देख रहे हैं।

# न्यूज झरोखा

## थाना पुलिस चौकियों में पुलिस कर्मियों ने चलाया साप्ताहिक स्वच्छता अभियान



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देश में प्रत्येक रविवार की तरह इस रविवार को भी जनपद के समस्त थानों, पुलिस चौकियों एवं पुलिस कार्यालयों में पुलिस कर्मियों द्वारा व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया।अभियान के अंतर्गत पुलिसकर्मियों द्वारा श्रमदान करते हुए थाना परिसर,कार्यालय भवन,अभिलेख कक्ष, शस्त्रागार, मालखाना,हवालात एवं आवासीय परिसरों की गहन साफ-सफाई की गई। पुलिस कर्मियों द्वारा कूड़ा-करकट का समुचित निस्तारण कर परिसरों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया गया। एसपी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य पुलिस विभाग में स्वच्छ,अनुशासित एवं सकारात्मक कार्य वातावरण स्थापित करना तथा स्वच्छता ही सेवा के संदेश को आत्मसात करना है। इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों ने अपने कार्यस्थल एवं आसपास नियमित स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया तथा आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया।पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया कि स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है, सभी थाना एवं कार्यालय परिसरों को सदैव साफ-सुथरा रखा जाए। उन्होंने कहा कि आगे भी यह स्वच्छता अभियान प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से संचालित किया जाएगा।

## होली पर्व के दृष्टिगत सीओ एसडीएम ने किया डीजे संचालकों के साथ बैठक



**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में थाना सैनी परिसर में उपजिलाधिकारी सिराथूव क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा होली पर्व के दृष्टिगत डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। इसी क्रम में थाना कड़ाधाम व थाना कोखराज पर डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी डीजे संचालकों को शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने,निर्धारित समय सीमा में ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करने, उच्च ध्वनि से परहेज करने तथा किसी भी प्रकार की अशांति या साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित करने वाली गतिविधि से दूर रहने के निर्देश दिए गए।साथ ही स्पष्ट किया गया कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी सभी संचालकों से शांति,सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ त्योहार संपन्न कराने में सहयोग की अपील की गई।

## सराय अकिल क्षेत्रांतर्गत चिन्हित होलिका दहन स्थलों का सीओ ने किया स्थलीय निरीक्षण



**कौशांबी।** होली पर्व के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा थाना सराय अकिल क्षेत्रांतर्गत चिन्हित होलिका दहन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था,अग्निशमन संसाधनों,प्रकाश व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण संबंधी तैयारियों का जायजा लिया गया तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए क्षेत्राधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पर्व के दौरान सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था कायम रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## 148 लीटर अवैध शराब बरामद कर पुलिस ने कराया 07 कुंतल लहन नष्ट

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण भंडारण एवं तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 01.03.2026 को जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने सघन चेकिंग एवं दबिश की कार्यवाही की पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों की घेराबंदी कर चेकिंग की गयी कार्यवाही के दौरान कुल 04 अभियुक्तों को मौके से पुलिस ने गिरफ्तार किया गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 90 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की गयी एवं लगभग 4.से 5 कुंतल लहन नष्ट कराया बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई हैं।इसके अतिरिक्त थाना सैनी से 58 ली0 और अवैध शराब बरामद की गयी है और लहन नष्ट कराया इस प्रकार पुलिस टीम द्वारा कुल 148 ली0 अवैध शराब व लगभग 07 कुंतल लहन नष्ट कराया गया।

## गाय चोरी कर गोकशी करने वाले अभियुक्त को मंझनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एदिलपुर गांव निवासी बुदुनलाला पुत्र मैकूलाल के घर से दिनांक 22.02.2026 की रात्रि को गाय को कुछ लोग चोरी कर ले गए थे कोतवाली मंझनपुर में मु0अ0सं0 84/26 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ तत्पश्चात दी गयी सूचना के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 3/5क/8 गोवध निवारण अधिनियम की बढ़ोत्तरी की गयी थी। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा घटना की गम्भीरता को देखते हुए घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था।उपरोक्त क्रम में मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी, सर्विलांस, तकनीकी साधनों की सहायता से सुसंगत साक्ष्यों के आधार पर दिनांक 01.03.2026 थाना मंझनपुर पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से संबंधित प्रकाश में आए अभियुक्त मोनू पुत्र मल्हू निवासी समदा कोतवाली मंझनपुर को गिरफ्तार किया अभियुक्त के कब्जे से एक रस्सी पगहा एवं 2300 रुपये बरामद किए गए अग्रिम विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## दो वारण्टी अभियुक्तों को सराय अकिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस ने मु0अ0सं0 62/2007 धारा 60(2) आवकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त अमरनाथ पुत्र मोहनलाल निवासी फकीराबाद थाना सराय अकिल व मु0अ0सं0 457/2022 धारा 379/411 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त हर्ष उर्फ हर्षित पुत्र मखखनलाल निवासी फकीराबाद पावर हाउस कस्वा व थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज सोमवार
2. 3. 2026



## सम्पादकीय

# विदेश नीति को बदलते प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी इतिहास में अपना नाम किन अक्षरों में दर्ज कराना चाहते हैं, ये तो पता नहीं, लेकिन भारत की विदेश नीति का जो गौरवशाली स्वर्णिम इतिहास रहा है, उसे वो पूरी तरह मटियामेट करना चाहते हैं, यह साफ नजर आ रहा है। वैसे भी जब इतिहास की पूरी समझ न हो, या जानबूझकर इतिहास को नजरंदाज किया जाता है तो वर्तमान और भविष्य दोनों किस तरह खतरे में पड़ जाते हैं, इसका बड़ा उदाहरण नरेन्द्र मोदी की इजरायल यात्रा से मिल ही रहा है। महज दो दिनों के लिए मोदी इजरायल गए, लेकिन वहां जो कुछ उन्होंने कहा, उससे भारत की बरसों की मेहनत पर पानी फिर गया है।

बुधवार को इजरायली संसद नेसेट में जिस तरह का भाषण प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है, उसमें वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। क्योंकि इजरायल ने फिलीस्तीन में हमास को खत्म करने के नाम पर जो नरसंहार किया, उस पर दुनिया भर में चिंता जाहिर की जा रही है, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री ने इजरायली संसद में जाकर हमास की न केवल आलोचना की, बल्कि तीन साल पहले 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले की तुलना भारत में मुंबई के आतंकी हमले से कर दी। माना कि दोनों में निर्दोष लोगों की ही जान गई, लेकिन सोचने वाली बात ये है कि नरेन्द्र मोदी को यूपीए सरकार में हुआ मुंबई हमला अगर याद आया तो खुद की सरकार में हुए पुलवामा और पहलगाम जैसे बड़े आतंकी हमलों को वो कैसे भूल गए। होता तो यही है कि इंसान को हाल की बात पहले याद आती है और पुरानी बात बाद में। लेकिन मोदीजी के साथ उल्टा ही हो रहा है। उन्हें अपने कार्यकाल का कुछ याद नहीं रहता, केवल कांग्रेस की सरकारों की बातें याद पड़ती हैं। अपने संबोधन में मोदी ने गजा शांति पहल को क्षेत्र में 'न्यायपूर्ण और स्थायी शांति' की दिशा में एक रास्ता बताया। यानी सीधे-सीधे अमेरिका की तारीफ उन्होंने की। इसके साथ ही इजरायल के साथ एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि 'कहीं भी आतंकवाद शांति को हर जगह खतरे में डालता है'। गौर कीजिए कि मोदी ने इजरायल की कुर्बानियों का जिक्र किया लेकिन गजा में मारे गए 70 हजार लोगों की हत्या और हमदर्दी के लिए एक शब्द नहीं कहा, वो कह भी नहीं सकते थे, क्योंकि उन्हें तो ट्रंप और नेतन्याहू से दोस्ती निभानी है। मोदी ने गजा नरसंहार को पूरी तरह नजरन्दाज किया, यहां तक तो ठीक है, लेकिन दुख इस बात का है कि अपने साथ-साथ उन्होंने पूरे देश की जनता को इजरायल के साथ खड़ा दिखाया। मोदी ने कहा, 'मैं भारत की जनता की ओर से हर खोई हुई जान के लिए गहरी संवेदना लेकर आया हूं और हर उस परिवार के लिए जिनका संसार 7 अक्टूबर 2023 को हमास के बर्बर आतंकवादी हमले में टूट गया। हम आपका दर्द महसूस करते हैं। हम आपका दुख साझा करते हैं। भारत इजरायल के साथ मजबूती से, पूरे विश्वास के साथ, इस पल में और उसके आगे भी खड़ा है। कोई भी कारण नागरिकों की हत्या को जायज नहीं ठहरा सकता। कुछ भी आतंकवाद को जायज नहीं ठहरा सकता।' कितने सुविधाजनक तरीके से मोदी ने गजा में नेतन्याहू के इजरायली आतंकवाद का जिक्र तक नहीं किया।

# शिक्षा में न्यायपालिका: संवाद की जरूरत या विवाद की राजनीति?

-: ललित गर्ग:-

**एक** बार फिर शिक्षा से जुड़ा एक प्रश्न राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है। शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में ह्लहमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिकाह्व शीर्षक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और लंबित मुकदमों का उल्लेख किए जाने पर भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी प्रकट की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की यह टिप्पणी कि ह्लकिसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने नहीं दिया जाएगाह्व केवल एक भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि संस्थागत गरिमा की रक्षा का संकेत है। इसके बाद संबंधित अध्याय को हटाने और बाजार में उपलब्ध पुस्तकों को वापस लेने का निर्णय लिया गया। प्रश्न यह है कि क्या यह केवल एक संपादकीय चूक थी या हमारे शैक्षिक ढांचे में कहीं गहरी संरचनात्मक कमी है? प्रश्न है कि स्कूली बच्चों को ह्लन्यायपालिका में भ्रष्टाचारह्व के बारे में जानकारी देने से किस हित की पूर्ति होने वाली है? लेकिन इसमें दो मत नहीं है कि न्यायिक तंत्र के साथ हर क्षेत्र में फैली भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के ठोस उपाय होने ही चाहिए। सबसे पहले यह भी स्वीकार करना होगा कि न्यायपालिका में लंबित मामलों और भ्रष्टाचार जैसे प्रश्न पूरी तरह काल्पनिक नहीं हैं। न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या करोड़ों में है, यह एक सार्वजनिक तथ्य है। कुछ मामलों में न्यायिक आचरण पर भी प्रश्न उठे हैं। परंतु उतना ही सत्य यह भी है कि भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर अपनी स्वतंत्रता, पारदर्शिता और सक्रियता से लोकतंत्र की रक्षा की है। पिछले वर्षों में शीर्ष न्यायाधीशों द्वारा अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देने की सहमति जैसे कदमों ने संस्थागत पारदर्शिता को सुदृढ़ किया है। ऐसे में प्रश्न यह नहीं है कि समस्या है या नहीं, प्रश्न यह है कि उसे किस भाषा, किस संतुलन और किस शैक्षिक दृष्टि से प्रस्तुत किया जाए।

शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है-पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है? क्या संपादकीय बोर्ड में विविध दृष्टिकोणों का अभाव है? क्या विधि विशेषज्ञों, शिक्षाशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों के बीच समन्वय पर्याप्त नहीं है? एक लोकतांत्रिक समाज में संस्थाओं की आलोचना वर्जित नहीं हो सकती, पर आलोचना और अवमूल्यन के बीच महीन रेखा होती है। शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी जैसी संस्थाओं का दायित्व है कि वे इस रेखा को पहचानें।




यह भी स्मरणीय है कि भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक सीमित समस्या नहीं है। हाल ही में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की इसी महीने जारी रिपोर्ट के मुताबिक करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में 182 देशों के बीच भारत की रैंक 91 है। पिछले साल के मुकाबले भारत ने 5 स्थान का सुधार किया है, यह स्थिति सुधार के बावजूद मध्य स्तर पर बनी हुई बताई गई है। इसका अर्थ है कि भ्रष्टाचार एक संरचनात्मक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती है। यदि हम बच्चों को इसके बारे में पढ़ाते हैं तो उसे एक समग्र सामाजिक संदर्भ में पढ़ाया जाना चाहिए कि यह समस्या क्यों उत्पन्न होती है, इसे रोकने के लिए क्या संवैधानिक तंत्र हैं, नागरिकों की क्या भूमिका है और सुधार की संभावनाएं क्या हैं। केवल किसी एक संस्था को केंद्र में रखकर समस्या का चित्रण करना न तो शैक्षिक रूप से न्यायोचित है और न ही संवैधानिक संतुलन के अनुरूप। न्यायपालिका की गरिमा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र तीन स्तंभों-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर आधारित है। यदि किसी एक स्तंभ के प्रति बच्चों के मन में अविश्वास की भावना बिना सम्यक विश्लेषण के उत्पन्न हो जाए, तो यह दीर्घकाल में लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए हानिकारक हो सकता है। परंतु गरिमा की रक्षा का अर्थ यह भी नहीं कि समस्याओं पर मौन साध लिया जाए। गरिमा और पारदर्शिता परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। न्यायपालिका की वास्तविक प्रतिष्ठा उसकी आलोचना सहने की क्षमता, आत्मसुधार की तत्परता और नैतिक दृढ़ता से बढ़ती है। इस संदर्भ में एक नई शैक्षिक संरचना की आवश्यकता अनुभव होती है। पाठ्य पुस्तकों में ह्लसंस्थागत अध्ययनह्व का प्रारूप इस प्रकार विकसित किया जा सकता है जिसमें तीन आयाम हों-संविधान द्वारा प्रदत्त भूमिका, वास्तविक चुनौतियां और सुधार की पहल। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका पर अध्याय में उसके ऐतिहासिक निर्णय, जनहित याचिका की परंपरा, मौलिक अधिकारों की रक्षा, साथ ही लंबित मामलों की समस्या और न्यायिक सुधार आयोगों की सिफारिशों का संतुलित उल्लेख किया जाए। इससे छात्र न तो अंधभक्त बनेंगे और न ही निंदक, वे सजग नागरिक बनेंगे।

शिक्षा मंत्रालय को भी इस अवसर को आत्ममंथन के रूप में लेना चाहिए। विवाद के बाद अध्याय हटाना तात्कालिक समाधान हो सकता है, पर स्थायी समाधान नहीं। आवश्यकता है एक स्वतंत्र, बहुविषयी समीक्षा तंत्र की, जिसमें विधि विशेषज्ञ, पूर्व न्यायाधीश, शिक्षाशास्त्री, समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञान के जानकार शामिल हों। साथ ही, सार्वजनिक परामर्श की परंपरा विकसित की जा सकती है ताकि पाठ्य पुस्तकें केवल सरकारी दस्तावेज न रहकर सामाजिक सहमति का दस्तावेज बनें। न्यायपालिका भी इस प्रसंग में रचनात्मक पहल कर सकती है। यदि वह स्वयं विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के लिए न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम आरंभ करे, न्यायालयों के कार्यप्रणाली पर सरल और संतुलित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए, तो इससे भ्रांतियों का निवारण होगा। न्यायपालिका की पारदर्शिता और संवादशीलता उसकी गरिमा को और सुदृढ़ करेगी।

अंततः यह विवाद हमें यह सोचने को विवश करता है कि हम अपने बच्चों को कैसी नागरिकता का संस्कार देना चाहते हैं। क्या हम उन्हें केवल समस्याओं का बोध देंगे या समाधान की प्रेरणा भी देंगे? क्या हम उन्हें संस्थाओं पर अविश्वास करना सिखाएँगे, या सुधार में सहभागी बनने की चेतना से सम्पन्न बनायेंगे? लोकतंत्र का भविष्य पाठ्य पुस्तकों की पंक्तियों में ही आकार लेता है। इसलिए आवश्यक है कि शिक्षा में सत्य हो-पर संतुलित, आलोचना हो-पर रचनात्मक और संस्थाओं की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए सुधार की राह भी खुली रहे। भ्रष्टाचार एक गंभीर राष्ट्रीय चुनौती है, पर उसका समाधान संस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर देने से नहीं, बल्कि उन्हें अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाकर ही निकलेगा।

शिक्षा का कार्य इसी संतुलन को साधना है। यदि यह विवाद हमें अधिक परिपक्व, संवादशील और उत्तरदायी शैक्षिक व्यवस्था की ओर ले जाए, तो यह एक नई दिशा, नई दृष्टि और नई संरचना के प्रादुर्भाव का अवसर सिद्ध हो सकता है। लोकतंत्र की सच्ची शक्ति आलोचना और आत्मसुधार के समन्वय में ही निहित है, और यही संतुलन हमारी पाठ्य पुस्तकों में भी प्रतिबिंबित होना।

# दक्षिण एशिया सुरक्षा पर वाशिंगटन का आक्रामक रवैया भारत के लिए भी सिरदर्द

नित्य चक्रवर्ती

**बीजिंग** बांग्लादेश में हो रहे विकासक्रम पर करीब से नज? रख रहा है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग खुद डॉ. यूनुस से उनकी बैठक में मिले और बांग्लादेश के साथ रिश्ते बढ़ाने में व्यक्तिगत दिलचस्पी दिखाई ताकि यह दक्षिण एशियाई देश चीनी मदद से अच्छी-खासी नौकरियां पैदा कर सके। चीन नहीं चाहेगा कि अमेरिका के दबाव की वजह से उसके समझौते रद्द हो जाएं।

12 फरवरी के राष्ट्रीय चुनाव में अपनी पार्टी की शानदार जीत के बाद बीएनपी प्रमुख तारिक रहमान को बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बने हुए सिर्फ.एक हफ्ता हुआ है। 60 साल के प्रधानमंत्री, जो ब्रिटेन में 17 साल के देश निकाला के बाद स्वदेश लौटे हैं, से उम्मीद की जा रही थी कि वे देश की खराब अर्थव्यवस्था और इसके प्रशासन को फिर से दुरुस्त करने को सबसे ज्यादा प्राथमिकता देंगे, लेकिन उनके ध्यान का केन्द्र अचानक बदल गया है, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका प्रशासन बहुत ज्यादा सक्रिय हो गया है और नई सरकार से चीन के खिलाफ रूख अपनाने के लिए कहकर बांग्लादेश के अंदरूनी मामलों में दखल दे रहा है।



अमेरिका की तरफ से ऐसा खुला दावा हाल के महीनों में नहीं देखा गया है। असल में, अंतरिम सरकार के पहले के आधे समय में अमेरिकी दूतावास के अधिकारी इतने सक्रिय नहीं थे, लेकिन 12 फरवरी के चुनाव पास आते ही हालात बदल गए। बांग्लादेश को लेकर ट्रंप प्रशासन के नजरिए में अचानक बदलाव आया। नए अमेरिकी राजदूत ब्रेंटक्रिस्टेंसन ने इस साल 12 जनवरी को ढाका में अपना कार्यभार संभाला, अर्थात 12 फरवरी के चुनाव से ठीक एक महीना पहले। तब सेब्रेंट समेत अमेरिकी अधिकारी बीएनपी और जमात दोनों नेताओं को साध रहे हैं ताकि चीनी राजदूत योवेन को मात दी जा सके, जो पिछले तीन सालों से ढाका में सक्रिय हैं और सरकार और राजनीतिक पार्टियों के हर स्तर पर बड़े सम्पर्क बना रहे हैं। प्रधानमंत्री तारिक रहमान और उनके विदेश मंत्री खलीलुर रहमान के पद संभालने के बाद, जो एक बहुत अनुभवी विदेश सेवा अधिकारी थे, ने हमेशा की तरह तीन बड़े देशों भारत, अमेरिका और चीन के साथ रिश्तों की पुनर्समीक्षा की और बांग्लादेश के फायदे के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए, इस पर बात की। अभी-अभी घोषित अमेरिका-बांग्लादेश व्यापार समझौते की समीक्षा पर भी चर्चा हुई। तीनों बड़े देशों के साथ रिश्तों में संतुलन बनाने के मुद्दे दृष्टिपटल पर थे।

जब शनिवार 21 फरवरी को शुरूआती बातचीत चल रही थी, तो अमेरिकी राजदूत ब्रेंटक्रिस्टेंसन ने बिना बांग्लादेश का नाम लिए एक कड़े बयान में कहा कि, वह दक्षिण एशिया में चीन के बढ़ते असर को लेकर परेशान हैं। ट्रंप की तरफ से तारिक को भेजे गए पत्र में यह भी कहा गया था कि अमेरिका-बांग्लादेश साझेदारी आपसी सम्मान और एक मुक्त और खुला भारत-प्रशांत को बढ़ावा देने में एक जैसे फायदे पर आधारित है। इसका असल में मतलब है कि अमेरिका अब चीन के खिलाफ अपनी भारत-प्रशांत सुरक्षा रणनीति में बांग्लादेश को एक भागीदार के तौर पर चाहता है, ठीक वैसे ही जैसे ट्रंप ने अपनी चीन विरोधी सुरक्षा रणनीति में भारत को एक भागीदार के तौर पर शामिल किया है। इस प्रकार तारिक रहमान के लिए, अपनी स्थिति को स्थिर किये जाने से पहले ही, उन्हें अमेरिका की तरफ से यह धमकी मिल रही है कि अगर नई सरकार अमेरिका के साथ बेहतर रिश्ते बनाना चाहती है, तो उसे चीन के खिलाफ अमेरिका की रणनीति का हिस्सा बनना होगा। जाहिर है, अगले दिन चीन ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी, जब चीनी दूत योवेन ने बांग्लादेश के विदेश मंत्री से मुलाकात की और कहा कि चीन बांग्लादेश की 'सर्वप्रथम बांग्लादेश नीतिड़ को मानने की घोषणा की तारीफ करता है और ढाका को चीन का सहयोग हर जगह होगा और यह किसी तीसरे देश के खिलाफ नहीं है।

तारिक सरकार ढाका की धरती से अमेरिकी दूतावास के चीन विरोधी रवैये से बहुत शर्मिंदा है, लेकिन सरकार अमेरिका को बड़े भाई की भूमिका निभाने से रोकने के लिए बहुत कम काम ही कर सकती है। ढाका में राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि बांग्लादेश और चीन के बीच पिछले रक्षा समझौते से अमेरिका चिंतित है। अमेरिका चाहता है कि बांग्लादेश रक्षा सहयोग के लिए चीन के साथ अपनी भविष्य की बातचीत को आगे न बढ़ाए।

जहां तक धारणा का सवाल है, बांग्लादेश के लोग ज्यादातर भारत और अमेरिका दोनों के खिलाफ भावनाएं रखते हैं। 5 अगस्त, 2024 को हसीना सरकार के गिरने के बाद से पिछले अठारह महीनों में, अमेरिका के लिए भावनाओं में गिरावट की तुलना में लोगों के बीच चीन का प्रभाव बढ़ा है। 2025 की शुरूआत में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख डॉ. यूनुस के चीन दौरे में, बांग्लादेश के अलग-अलग जिलों में औद्योगिक क्षेत्र बनाने में चीन के निवेश में एक बड़ी कामयाबी मिली। बांग्लादेश में भारतीय सीमा के पास ड्रोन के लिए एक फैक्टरी लगाने का समझौता हुआ। तारिक सरकार से अब अमेरिका ने उस समझौते की नए सिरे से समीक्षा करने को कहा है।

हाल ही में हस्ताक्षरित हुए अमेरिकी व्यापार समझौते की एकतरफा शर्तों ने दिखाया है कि कैसे नए बांग्लादेशी प्रधानमंत्री तारिक रहमान को वॉशिंगटन और बीजिंग के साथ रिश्तों को लेकर एक नाजुक संतुलन बनाने के चुनौतीपूर्ण कार्य से जूझना पड़ रहा है, क्योंकि दोनों उनके देश में असर डालने की होड़ में हैं। एक तरफ, अमेरिका अपने बाजार तक पहुंच, सुरक्षा सहयोग और विनियामक लाभ का प्रचार कर रहा है, तो दूसरी ओर चीन अवसंरचना, औद्योगिक समेकीकरण और रक्षा उपकरणों की आपूर्ति का वादा कर रहा है। चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और एक बड़ा अवसंरचनात्मक निवेशक बना हुआ है, जो बंदरगाहों के आधुनिकीकरण से लेकर औद्योगिक क्षेत्रों तक के परियोजनाओं को वित्तपोषित कर रहा है। अमेरिका बांग्लादेश का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है और लंबे समय से इसका सबसे बड़ा विदेशी निवेशक रहा है, हालांकि प्रत्यक्ष विदेशी पूंजीनिवेश (एफडीआई) स्टॉक तेजी से गिरा है। जून 2023 तक के वित्तीय वर्ष में लगभग 4 अरब डॉलर से गिरकर सितंबर 2025 तक यह लगभग 1 अरब डॉलर तक नीचे आ गया है, विशेषकर यूनुस राज के दौरान राजनीतिक उथल-पुथल और निवेशकों के कमजोर भरोसे की वजह से।

सितंबर 2025 तक बांग्लादेश में चीनी एफडीआई स्टॉक लगभग 3 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। बीजिंग ने कई दूसरे कम विकसित देशों के साथ-साथ बांग्लादेशी निर्यात को शून्य-टैरिफ पहुंच भी दिया है। पहले 2022 में 98 प्रतिशत उत्पादनों को सीमाशुल्क-मुक्त पहुंच दिया और बाद में इस पेशकश को बढ़ाया। चीन बांग्लादेश को एक बड़ी रक्षा प्रणाली आपूर्तिकर्ता के तौर पर अपनी जगह बनाए रखने के लिए बहुत उत्सुक है। अब ट्रंप प्रशासन इस पर एतराज कर रहा है। पहले के सालों में ऐसी स्थिति नहीं थी।

बीजिंग बांग्लादेश में हो रहे विकासक्रम पर करीब से नज? रख रहा है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग खुद डॉ. यूनुस से उनकी बैठक में मिले और बांग्लादेश के साथ रिश्ते बढ़ाने में व्यक्तिगत दिलचस्पी दिखाई ताकि यह दक्षिण एशियाई देश चीनी मदद से अच्छी-खासी नौकरियां पैदा कर सके। चीन नहीं चाहेगा कि अमेरिका के दबाव की वजह से उसके समझौते रद्द हो जाएं। तारिक रहमान पर उनके सलाहकारों और थिंक टैंक की तरफ से बहुत ज्यादा दबाव है कि वे बांग्लादेश प्रथम नीति पर टिके रहें और बीएनपी चुनावी घोषणापत्र के मुताबिक बांग्लादेश की रणनीतिगत स्वायत्तता को ध्यान में रखकर काम करें। अगले कुछ दिन बताएंगे कि क्या तारिक में अमेरिका के दबाव को नज?अंदाज करने और सिर्फ बांग्लादेश के हितों को ध्यान में रखकर काम करने की हिम्मत है?

# इथनाल ब्लेन्डिंग समस्या है समाधान नहीं

अरविन्द मोहन

**पिछले** दिनों मिलावट की सीमा बढ़ाने पर भी विचार हुआ था लेकिन तभी सोशल मीडिया में यह बहस छिड़ गई कि मिलावटी ईंधन का गाड़ियों के इंजन पर बुरा असर होगा। यह बात खास तौर से भारत में बिकने वाली गाड़ियों पर लागू होती है क्योंकि यहां इस विशेष ईंधन से चलने वाले इंजन लगाए ही नहीं जाते। इथनाल मिश्रित ईंधन की कीमत घटाने की मांग भी उठती रही है।



चंपारण की चीनी मिलों के आसपास बचपन गुजारने के चलते उनके कचरे से निकलने वाली बास और राजनैतिक चचाओं की याद हमेशा के लिए मन में रह गई है। कई बार किसान मिल में गन्ना उतारकर खाली बैलगाड़ी में मिल का छोआ वाला कचरा उठा लाते थे और अपने खेत में खाद की तरह इस्तेमाल करते थे। इसकी दुर्गंध तो मिलों दूर से भी ज्यादा लगती थी और लोग कुछेक दिन उन खेतों की तरफ जाने से बचते थे। नेता लोग इसी छोआ अर्थात मोलासेज से केमिकल कारखाना लगवाने या 'पेट्रोल बनाने' और बगास अर्थात गन्ने की सीठी से कागज बनाने का प्लांट लगवाने की बात करते थे। हमारे कुमारबाग में बेतिया राज की जमीन खाली थी। वहीं आसपास की चीनी मिलों से इन बाई-प्रॉडक्टों से स्वर्ग बसाने का वादा होता था जो आज तक पूरा नहीं हुआ। गन्ने से पेट्रोल बनाने की बात उन दिनों कचरे से सोना बनाने जैसी लगती थी पर बायो डीजल और बायो पेट्रोल का जमाना भी आया। हमारे यहां झटरोपा से तेल बनाने का प्रयोग चला तब तक अमेरिका ने मक्का और अन्य कृषि उत्पादों से बायो पेट्रोल बनाना शुरू करा दिया क्योंकि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बेतहाशा बढ़ने लगी और सौ डालर प्रति बैरल का रेट भी पीछे हो गया। ऐसे में मक्का वगैरह से पेट्रोल बनाना 75 डालर प्रति बैरल जितने रेट पर संभव हो तो कौन मानता? हमारे यहां भी झटरोपा वाला प्रयोग तभी हुआ और अनाज से तेल बनाने की चर्चा शुरू हुई।

वह तो हुआ नहीं लेकिन नितिन गडकरी के परिवहन मंत्री बनने वाले राज में इसी छोआ अर्थात मोलासेज से पेट्रोल बनाने और पेट्रोल में मिलाकर बेचने का काम शुरू हुआ जो आज परवान पर है। यह काम सिर्फ गन्ना चीनी मिलों का न होकर सारे ब्रुअरीज(शराब कारखाने) के कचरे से होना शुरू हुआ है। करीब बीस फीसदी ब्लेन्डिंग के बिना पेट्रोल बिकता नहीं और कुछ पेट्रोल की खपत में बीस फीसदी का मतलब बहुत बड़ा हुआ। कीमत और विदेशी मुद्रा की बचत का हिसाब लगाएं तो और उजली तस्वीर दिखेगी पर जल्दी ही इस मामले में भी उत्पादन क्षमता जरूरत से ऊपर निकल जाएगी यह कल्पना से परे की चीज है। लेकिन आज यह स्थिति आ गई है। गन्ने के अलावा कुछ कृषि उत्पादों के इस्तेमाल की चर्चा भी है। लेकिन अमेरिका से जिस लटकी हुई व्यापार संधि को 'सपनों का सौदा' बताया जा रहा है उसमें मक्के की कुछ खास किस्म के आयात की बात भी थी और माना जाता है कि इसका प्रयोग इथनाल बनाने में हो सकता है। वैसे भारत खुद भी बड़े पैमाने पर मक्का पैदा करने लगा है जो मुर्गीपालन और मछलीपालन समेत देश की पूरी जरूरत से ज्यादा ही है। ऐसे में अगर हम अभी ही इथनाल अपनी जरूरत से ज्यादा बनाने लगे हों तो अमेरिका से मक्का आयात करने का तर्क समझना मुश्किल है।

अभी वह व्यापार समझौता हो, मक्का आयात हो उसका इस्तेमाल इथनाल बनाने में हो जैसे सारे लेकिन परंतु पर क्यों जाएं, अभी तो मौजूदा स्थिति ही इस कारोबार को परेशान करने वाली है। देश में इथनाल बनाने की कुल क्षमता 18 अरब लीटर की है जबकि पेट्रोलियम कंपनियां 11 से 12 अरब लीटर माल खरीदती हैं। देश में अब बिना इथनाल मिला पेट्रोल बिकता ही नहीं और मिलावट भी बीस फीसदी मात्रा तक है। इतना होने पर भी पूरा देशी इथनाल खपाने में परेशानी हो रही है। उधर तीन अरब लीटर और उत्पादन क्षमता इस साल बढ़ेगी। तब क्या होगा यही सोचकर व्यवसाय के लोग चिंतित हैं। यह सही है कि महंगे पेट्रोल के साथ बिकने से अच्छी कीमत वसूल होती है लेकिन खुद इथनाल की कीमतों और मांग आपूर्ति का हिसाब बहुत अनिश्चितता वाला है। सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों कंपनियां, इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम यह सारा माल खरीदकर तेल में मिलाकर बेचती हैं। अब हो यह रहा है कि पेट्रोल की खपत में तो मात्र छह फीसदी सालाना की वृद्धि है जबकि इथनाल उत्पादन की क्षमता ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। अगर तीन अरब लीटर की क्षमता और बढ़ी तो यह वृद्धि 20 फीसदी हो जाएगी। फिर कीमतों और आपूर्ति का खेल एक अन्य स्तर पर जाएगा, अगर अमेरिकी मक्का भी इस खेल में शामिल हुआ तो क्या दृश्य होगा? यह कल्पना ही की जा सकती है और यह विकल्प भी नहीं है कि मिलावट को बीस फीसदी से बढ़ा दिया जाए। क्योंकि इथनाल की मिलावट से ईंधन की ऊर्जा का स्तर कम होता है-बीस फीसदी की मिलावट से यह गिरावट छह फीसदी की होती है और इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाना भी हो चुका है। अभी तक अदालत ने ग्राहकों के दावे को दरकिनार रखा है। एक दूसरी शिकायत इस मिलावटी ईंधन का गाड़ी के इंजन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की है।

माना जाता है कि पिछले दिनों मिलावट की सीमा बढ़ाने पर भी विचार हुआ था लेकिन तभी सोशल मीडिया में यह बहस छिड़ गई कि मिलावटी ईंधन का गाड़ियों के इंजन पर बुरा असर होगा। यह बात खास तौर से भारत में बिकने वाली गाड़ियों पर लागू होती है क्योंकि यहां इस विशेष ईंधन से चलने वाले इंजन लगाए ही नहीं जाते। इथनाल मिश्रित ईंधन की कीमत घटाने की मांग भी उठती रही है लेकिन उसकी कीमत ज्यादा होने के नाम पर सरकार ने इस मांग को ठुकरा दिया था पर असल में तो इथनाल बाई-प्रोडक्ट ही है।

# चोरी के सामान समेत दो चोरों को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी कोतवाली कर्वी श्याम प्रताप पटेल के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा चोरी की 05 घटनाओं का खुलासा करते हुए 02 चोरों को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया गया। घटना में मोटर साईकिल, तमंचा व 3 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।

बताया गया कि बीते शनिवार को उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह आरक्षी अभिषेक प्रताप के पेंडिग विवेचना, तलाश वांछित वारण्टी एवं आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत खोही तिराहे पर सुरक्षा व्यवस्था के चलते संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की चेकिंग चला रहे थे। मुखविर के जरिये से खास सूचना मिली की 2 व्यक्ति भरतकूप की तरफ से मोटरसाईकिल से रामसैया की ओर आ रहे हैं, जिनके पास चोरी का समान व अवैध तमंचा भी है। इस सूचना पर करके उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह द्वारा उ0नि0 राजेश कुमार व उ0नि0 विवेक कुमार सिंह को अवगत कराते हुए मौके पर बुलाया गया। कुछ समय बाद उ0नि0 राजेश कुमार, उ0नि0 विवेक कुमार सिंह, आरक्षी शिवपूजन यादव, आरक्षी जयनारायण पटेरिया मौके पर आए। रामसैया तिराहे से भरतकूप की तरफ कुछ आगे पहुंचकर रोड पर उनके आने का इंतजार करने लगे कि भरतकूप की तरफ से एक मोटर साइकिल काफी तेजी से आती दिखाई दी। मोटरसाइकिल को रोककर दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। व्यक्तियों की पहचान दीपक गुरु पुत्र रामफल निवासी कछारपुरवा कर्वी उम्र 32 वर्ष व दूसरे आरोपी की पहचान राजकुमार पुत्र केशरी प्रसाद निवासी कजीपुरवा थाना जिला महोबा उम्र 35 वर्ष के रुप में हुई। तमंचा 315 बोर, व 14,000 रुपए बरामद किया गया। वहीं दूसरे आरोपी राजकुमार से 2 कारतूस, 315 बोर, एक बैग, व 10,000 रुपए बरामद किया गया।

बरामद बैंग के अंदर पेपर में लपेटकर प्लास्टिक की थैली में रखे 05 पैकेट मिले जिनको खोला गया तो पैकेट में 4 जोड़ी पायल सफेद धातू, 2 बिछुवा, 1 कर्धनी, 2 सिक्के, 18 बिछिया, 1 चेन 995 ग्राम व 24,000 रुपए बरामद किए गए। पकड़े गये चोरों से दबावपूर्वक पूंछने पर दोनों व्यक्तियों ने बताया कि पहले पैकेट से मिले सामान गोलतालाब पटेल नगर, भरतपुरी कर्वी, बनकट, कछारपुरवा तथा खोही शिवरामपुर रोड से रॉड व हथौड़े की सहायता से दुकान का ताला तोड़कर चोरी किये थे। चोरी के सामान में से सोने तथा चांदी का कुछ सामान साथी राजू व अवधेश श्रीवास बेचने के लिये ले गये हैं। जिसमें दोनों के खिलाफ व अन्य सहयोगियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 अरविन्द कुमार सिंह थाना कोतवाली कर्वी, उ0नि0 राजेश कुमार, उ0नि0 विवेक कुमार सिंह, आरक्षी शिवपूजन यादव, आरक्षी अभिषेक प्रताप व आरक्षी जयनारायण पटेरिया मौजूद रहे। गिरफ्तार करने वाली स्वाट सर्विलांस टीम में मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुशवाहा, मुख्य आरक्षी नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, आरक्षी गोलु भार्गव, आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा, आरक्षी पवन राजपूत व आरक्षी रोशन सिंह मौजूद रहे।

## पांच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा एन.एम.एम.एस के अंतर्गत घोषित परिणाम में जनपद से कुल 93 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इनमें से उच्च प्राथमिक विद्यालय बघवारा, ब्लॉक मानिकपुर के पाँच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। सफलता में गौरव प्राप्त करने वालों में भानुप्रताप, अंशिका, अरुण, राधिका देवी व अर्जुन हैं। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बघवारा के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से परचम लहराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप बाबू गुप्ता द्वारा तैयार किए गए सकारात्मक एवं अनुशासित शैक्षिक वातावरण तथा सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार द्वारा अतिरिक्त समय देकर कराई गई विशेष तैयारी ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन पाँच सफल विद्यार्थियों में से एक होनहार छात्र अरुण अब हमारे बीच नहीं हैं। विगत माह एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में उनका असामयिक निधन हो गया। परिणाम घोषित होने से पहले ही वे इस दुनिया को अलविदा कह गए, परंतु उनकी मेहनत और सफलता आज भी सबके लिए प्रेरणा बन गई है। अरुण की यह उपलब्धि यह संदेश देती है कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती।

## लोधी राजपूत समाज की बैठक में धूमधाम से मनाया जाएगा रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस

**मानिकपुर चित्रकूट।** 1857 क्रांति कीं महानायिका वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान सप्ताह समारोह जो कि आगामी 15 मार्च को जनपद के ग्राम गौरिया मानिकपुर में भव्य रूप में मनाया जाना जाएगा। इस कार्यक्रम की रुपरेखा के लिए रविवार को गौरिया में एक मीटिंग की गयी जिसमें जनपद के वरिष्ठ सामाजिक जन उपस्थित रहे।

यह आयोजन स्वामी ब्रह्मानन्द के अभिनव दर्शन पर आधारित है। जिसका उद्देश्य लोधी समाज में शैक्षिक, सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक चेतना जागृत करना है। इसके लिए समाज के संघर्षवान वरिष्ठ अधिकारी वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। लोकेश लिल्हारे शीलेंद्र सिंह राजपूत पूर्व कलेक्टर, छतरपुर, गुलाब सिंह, बिहारी लाल महान, अधिकारी भूमि संरक्षण विभाग, सुनील सिंह राजपूत खंड शिक्षा अधिकारी व प्रखर वक्ता डॉ. कुलदीप सिंह राजपूत सहित यूपी एमपी के विभिन्न जिलों के समाजसेवी, वक्ता उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम चित्रकूट में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा, अपने महापुरुषों को समाज की नवपीढी तक पहुंचाने में सफलता मिलेगी, स्वामी ब्रह्मानन्द, रानी अवंतीबाई लोधी, स्वामी केशवानंद की शिक्षाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम होगा।

नरेंद्र सिंह ने क्षेत्रिय लोगों से आग्रह किया कि सभी लोग कार्यक्रम में जरुर उपस्थित रहें।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्माणाधीन थाना प्रशासनिक भवन सरधुवा का किया गया निरीक्षण

**चित्रकूट।** रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह द्वारा निमार्णाधीन थाना प्रशासनिक भवन सरधुवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपनिरीक्षक अजहर जमाल, उपनिरीक्षक अनन्त तिवारी थाना सरधुवा व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

# पद्मश्री डॉ. बीके जैन पंचतत्व में हुए विलीन

- सलामी एवं गार्ड ऑफ आनर के साथ दी गई अंतिम विदाई
- जिस तपोभूमि पर अपनी सेवा का पूरा जीवन अर्पित किया उसी तपोभूमि की धरा पर हुए विलीन

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** परम पूज्य संत रणछोड़ दास महराज द्वारा स्थापित सदगुरू सेवा संघ के ट्रस्टी एवं सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के निदेशक पद्मश्री से अलंकृत लाखों लोगों के जीवन में उजला प्रदान करने वाले डॉ. बी.के. जैन रविवार को उसी तपोभूमि धरा पर पंचतत्व में विलीन हो गए जिस पर उन्होंने अपना पूरा जीवन अर्पित किया था। अंधकार में डूबी असंख्य आंखों को रोशनी देने वाला एक तपस्वी नेत्र चिकित्सक अब स्वयं अनंत ज्योति में विलीन हो गया।

डॉ. जैन की अंतिम यात्रा चिकित्सालय परिसर रघुवीर मंदिर होते हुए एसपीएस ग्राउंड में पहुंची जहां उनको तिरंगे के साथ गार्ड ऑफ सलामी दी गई। इस मौके पर जिलाधिकारी सतना, पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार सहित नागरिक धर्म नगरी के सभी साधु संत, आम जनमानस सहित सदगुरु परिवार के लगभग सभी ट्रस्टी डॉ. जैन के सभी परिवारिक जन ,रिश्तेदार सहित सदगुरु परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। उनके दोनों पुत्र जिनेश जैन एवं डॉ. इलेश जैन ने उन्हें मुखाग्नि दी। 27 फरवरी को डॉ जैन का गंभीर बीमारी के चलते निधन हो गया था पिछले कई महीनों से अस्वस्थ्य थे और मुंबई में उनका इलाज चल रहा था। उनके मार्गदर्शन में चित्रकूट तपोभूमि पर तारा नेत्र दान यज्ञ के रूप में सेवा का जो बीज जो बोया गया था वह आज विशाल वटवृक्ष बन चुका है। उनके निधन से चित्रकूट सहित समूचे विंध्य अंचल में शोक की लहर दौड़ गई, संत समाज, समाज सेवी सेवी, जनप्रतिनिधि ,आम जनमानस सहित समस्त सदगुरू परिवार ने उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि के साथ अंतिम विदाई दी। उनकी अंतिम विदाई में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सतना जिले में जन्मे डॉ. जैन ने प्रारंभिक शिक्षा शासकीय व्यंकट क्रमांक 1 विद्यालय से प्राप्त की थी, वर्ष 1973 में श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय ,रीवा से चिकित्सा स्नातक तथा 1979 में लोकमान्य तिलक चिकित्सा महाविद्यालय , सायन से नेत्र रोग में स्नाकोत्तर उपाधि प्राप्त की थी। स्नाकोत्तर के बाद उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग खुला था मगर उन्होंने सुविधा नहीं बल्कि सेवा का मार्ग चुना और 1970 में चित्रकूट पहुंचे जहां स्वास्थ्य सुविधाएं अत्यंत सीमित थी। परम पूज्य रणछोड़ दास महाराज के आशीर्वाद से शुरू तारा नेत्रदान यज्ञ ने चित्रकूट क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में नेत्र चिकित्सा की एक नई क्रांति ला दी थी। टेंट और टीन शेड के नीचे प्रारंभ हुए शिविर आज सुव्यवस्थित स्थापित किए गए लाखों नेत्र रोगियों के उपचार के माध्यम से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के तमाम जिलों को मोतियाबिंद मुक्त घोषित कराने में डॉ जैन ने महत्व महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सा और अंधत्व निवारण के क्षेत्र में उनके अद्वतीय योगदान देने के लिए उनको देश विदेश में कई अवार्डों से सम्मानित किया गया और इसी अद्वतीय योगदान के लिए उन्हें 27 मई 2025 को देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने उन्हें पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित किया था।

# संस्कार, ज्ञान और सांस्कृतिक चेतना का समन्वय है प्रार्थना सभा : कुलगुरु




अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** ग्रामोदय विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मासिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे ने की। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ ओम उच्चारण, सरस्वती वंदना एवं कुल गीत से हुआ, जिसकी प्रस्तुति विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय द्वारा की गई। इसके बाद मुकेश कुमार ने हितोपदेश के श्लोक एवं भावार्थ का सारगर्भित प्रस्तुतीकरण किया। महापुरुष के जीवन से क्रम में शिवानी सिंह ने महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके साहस, त्याग और राष्ट्रनिष्ठा के प्रेरक प्रसंग साझा किए। एकल गायन के अंतर्गत कृति शुक्ला ने भजन की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। विज्ञान एवं पर्यावरण विषयक प्रस्तुति में अनुष्का गुप्ता ने प्रदूषण विषय पर विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित किया। इसके बाद उपकुलसचिव प्रो. साधना चैरसिया ने मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी।

समूह गायन में होली लोकगीत की प्रस्तुति समस्त प्रतिभागियों द्वारा की गई, जिससे वातावरण उल्लासमय हो उठा। कार्यक्रम के अंत में सभी जनसमूह द्वारा रघुपति राघव का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन विवेक फड़नीस ने किया।

कार्यक्रम का संचालन रिद्धिमा तिवारी ने प्रभावी एवं सुसंगठित रूप से किया। कार्यक्रम में विक्रम, अर्जुन सिंह, श्रेया, कृति, पूजा, शिवानी, रिद्धमा एवं मुकेश कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे ने प्रार्थना सभा में सम्मिलित विविध गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि विषयवार प्रस्तुतियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, वैचारिक परिपक्वता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दो चरणों में मिलेंगें दो निःशुल्क सिलेण्डर




**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि इस वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 2 चरणों में 2 निःशुल्क रिफिल सिलेण्डर प्रदान कराए जाने के निर्देश शासन स्तर से प्राप्त हुए हैं। बताया कि देश की सभी राशनकार्ड धारक महिलाओं को रसोई गैस उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से 1 मई 2016 को प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना प्रारम्भ की गयी। इस योजना के तहत कनेक्शन धारक को 1 रिफिल सिलेण्डर, गैस चूल्हा, रेग्यूलेटर, पाइप एवं अन्य उपकरण के साथ एक मयरिफिल एल.पी.जी. सिलेण्डर निःशुल्क आदि सम्बन्धित गैस एजेन्सी के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत वन फैमिली वन एल.पी.जी. कनेक्शन से सम्बन्धित ऐसे परिवार जिन्हें पूर्व से कोई एल.पी.जी. कनेक्शन निर्गत नहीं है। उनसे आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण से सम्बन्धित परिवार, अन्त्योदय अन्न योजना से सम्बन्धित परिवार, पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्ड से सम्बन्धित आदि परिवारों को पात्रता के क्रम में सम्मिलित किया गया है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रथम चरण के तहत जनपद में 108852 नए कनेक्शन जारी किए गये हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेश के महोबा जिले से 2020 में यह शुरूआत की गयी। इसके क्रम में प्रदेश में इस योजना की शुरूआत मुख्यमंत्री द्वारा 25 सितंबर 2020 से की गयी। इसके 18552 नये कनेक्श जारी किये जा चुके हैं। इस प्रकार उज्ज्वला गैस योजना के फेज 1 एवं फेज2 के तहत जनपद में कुल 127404 कनेक्श जारी किए जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को विस्तारित किए जाने के लिए देश में 75 लाख नये कनेक्शन जारी किए जाने का लक्ष्य माह सितम्बर, 2023 में प्राप्त हुया, जिसके अन्तर्गत जनपद में माह सितम्बर, 2023 से माह फरवरी, 2024 के मध्य 2170 परिवारों को उक्त योजना से आच्छादित किया गया। इस प्रकार जनपद में विभिन्न चरणों में कुल 129574 परिवारों को उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत आच्छादित किया जा चुका है।

होली त्योंहार के अवसर पर द्वितीय चरण के लाभार्थियों द्वारा करायी गयी रिफिल सिलेण्डर की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम मुख्यमंत्री द्वारा रविवार को अपरान्ह 4 बजे आयोजित किया गया। जिसका व्यापक रूप में प्रचार-प्रसार कराए जाने हेतु प्रदेश के प्रत्येक जनपद द्वारा उक्त कार्यक्रम में सजीव प्रसारण एवं निःशुल्क रिफिल सिलेण्डर का सब्सिडी वितरण कार्यक्रम आयोजित कराया गया है।

इस क्रम में जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर, सोनेपुर में निःशुल्क रिफिल सिलेण्डर का सब्सिडी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधियों में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, अध्यक्ष जिला कॉपरेटिव बैंक बॉदा चित्रकूट आदि मौजूद रहें, साथ ही अपर जिलाधिकारी, जिला नोडल अधिकारी एल.पी.जी. जिला पूर्ति अधिकारी एवं समस्त कर्मचारीगण जिला पूर्ति कार्यालय आदि के साथ समस्त गैस एजेन्सी संचालकों द्वारा उपस्थित रहकर उक्त कार्यक्रम कों सफल बनाया गया।

# नेपाल संसदीय चुनाव में देखने को मिल रही है कड़ी टक्कर, फिर से गठबंधन सरकार बनने के आसार

**नेपाल**

**नेपाल** अगले महीने 5 मार्च को राष्ट्रीय चुनाव कराने जा रहा है। यह चुनाव ऐसे समय हो रहा है जब छह महीने पहले युवा नेतृत्व वाले भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया था। सितंबर में भड़के इन प्रदर्शनों में 77 लोगों की मौत हुई और दो हजार से अधिक लोग घायल हुए थे। दो दिनों तक चली हिंसा में सैकड़ों इमारतों को आग के हवाले कर दिया गया था। अब देश एक नए राजनीतिक मोड़ पर खड़ा है।

30 मिलियन आबादी वाले इस हिमालयी राष्ट्र में करीब 19 मिलियन मतदाता 275 सदस्यीय संसद के लिए वोट डालेंगे। पिछले वर्ष के प्रदर्शनों के बाद करीब दस लाख नए मतदाता सूची में जोड़े गए हैं, जिनमें अधिकतर युवा हैं। हम आपको बता दें कि 165 सीटों पर सीधे चुनाव होंगे, जहां सर्वाधिक मत पाने वाला उम्मीदवार विजयी होगा, जबकि शेष सीटें आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली से भरी जाएंगी। चुनाव आयोग के अनुसार 65 राजनीतिक दल मैदान में हैं, जिससे स्पष्ट है कि मुकाबला बहुकोणीय और जटिल होगा।

विश्लेषकों के अनुसार, भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनाक्रोश इस चुनाव का केंद्रीय मुद्दा है। इसके साथ ही रोजगार सृजन भी बड़ा प्रश्न है। देश की करीब एक पांचवीं आबादी गरीबी में जीवन यापन कर रही है और युवा बेरोजगारी दर उच्च बनी हुई है। युवा उम्मीदवार आर्थिक सुधार, पारदर्शिता और जवाबदेही का वादा कर रहे हैं। दूसरी ओर अनुभवी नेता स्थिरता और सुरक्षा को प्राथमिकता बता रहे हैं। यही टकराव इस चुनाव की दिशा तय करेगा।

प्रमुख दावेदारों की टक्कर की बात करें तो आपको बता दें कि झापा 5 निर्वाचन क्षेत्र इस बार राष्ट्रीय ध्यान का केंद्र बना हुआ है। यहां पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली एक बार फिर मैदान में हैं। चार बार प्रधानमंत्री रह चुके 74 वर्षीय ओली के सामने चुनौती कठिन है, क्योंकि युवा मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग उन्हीं के कार्यकाल में उभरे असंतोष के कारण



सड़कों पर उतरा था। उनके सामने 35 वर्षीय रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह हैं, जिन्होंने काठमांडू महानगर के मेयर पद से इस्तीफा देकर राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया है। वह अब राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। बालेंद्र शाह ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की है कि उनका लक्ष्य ओली को उनके ही गढ़ में पराजित करना और जेन जेड आंदोलन के एजेंडे को संस्थागत रूप देना है। अन्य दावेदारों में नेपाली कांग्रेस के गगन थापा और तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके पुष्प कमल दहल भी शामिल हैं। लंबे समय तक माओवादी पृष्ठभूमि वाले नेताओं का वर्चस्व रहने के बाद यह चुनाव नए और पुराने नेतृत्व के बीच सीधी प्रतिस्पर्धा के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको यह भी बता दें कि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि किसी एक दल के लिए स्पष्ट बहुमत पाना कठिन होगा। ऐसी स्थिति में गठबंधन राजनीति फिर निर्णायक होगी। माना जा रहा है कि सरकार का चरित्र इस बात पर निर्भर करेगा कि गठबंधन में कौन-सा दल प्रमुख भूमिका निभाता है। इससे नीतिगत प्राथमिकताओं और विदेश नीति की शैली पर भी असर पड़ेगा।

देखा जाये तो नेपाल की विदेश नीति का सबसे महत्वपूर्ण आयाम भारत और चीन के बीच संतुलन है। नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार भारत है, जो कुल आयात का लगभग 63 प्रतिशत हिस्सा रखता है। चीन का हिस्सा लगभग 13 प्रतिशत है, परंतु बुनियादी ढांचा और बेल्ट एंड रोड परियोजनाओं के माध्यम से बीजिंग की उपस्थिति वहां बढ़ी है। विश्व बैंक के अनुसार चीन ने नेपाल को 130 मिलियन डॉलर से अधिक का कर्ज भी दिया है।

वहीं भारत के साथ नेपाल की खुली सीमा, सांस्कृतिक निकटता और ऊर्जा सहयोग गहरे हैं।

# शहबाज शरीफ के ऑफिस के पास ही तालिबान ने गिरा दिया बम, बुरा फंसा पाकिस्तान!

**पाकिस्तान**

**अफगान** तालिबान सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ एक बड़ा जवाबी हमला किया। उन्होंने इस्लामाबाद के फैजाबाद इलाके में प्रधानमंत्री ऑफिस से सिर्फ. छह किलोमीटर दूर बड़े मिलिट्री ठिकानों पर हमला किया। उन्होंने खास "एटॉमिक" जगहों पर सटीक हवाई हमले किए, जिससे भारी नुकसान हुआ और बॉर्डर पर लड़ाई पाकिस्तान की राजधानी के बीचों-बीच तक फैल गई। सुसाइड ड्रोन और हवाई ऑपरेशन ने फैजाबाद में खास एटॉमिक मिलिट्री ठिकानों पर निशाना साधा, जो पीएमओ के बहुत करीब थे। इस तरह के एक चौंकाने वाली जवाबी कार्रवाई में भारी नुकसान पहुंचाया। इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान के डिप्टी स्पोक्सपर्सन ने एक्स पर बताया हमला नौशेरा, जमरूद मिलिट्री कॉलोनी और एबटाबाद में आर्मी कैंटोनमेंट तक फैल गया, जिसे सुबह 11 बजे सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इन सटीक हमलों ने पाकिस्तान आर्मी के खास सेंटर,



जगहों और जगहों को नुकसान पहुंचाया, जिससे पाकिस्तानी इलाके में अंदर तक एक नाटकीय घुसपैठ हुई।

तालिबान एयर फोर्स ने सटीक हमलों का ऐलान किया

अफगान तालिबान के नेशनल डिफेंस मिनिस्ट्री ने ऐलान किया कि उसकी एयर फोर्स ने शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे मिलकर एयरस्ट्राइक कीं, जिसमें पाकिस्तान की जरूरी मिलिट्री जगहों को निशाना बनाया गया - इस्लामाबाद में फैजाबाद के पास एक कैंप, नौशेरा में आर्मी कैंटोनमेंट, जमरूद मिलिट्री कॉलोनी और एबटाबाद में जगहें।

पाकिस्तान के 'ऑपरेशन गजब लिल-हक' का बदला

ये एयरस्ट्राइक पाकिस्तान के काबुल, कंधार और पक्तिया पर रात भर चले ऑपरेशन गजब लिल-हक के हमलों का सीधा बदला थे, जिसमें 130 से ज्यादा तालिबान लड़ाके मारे गए थे और नंगरहार एमो डिपो जैसी जरूरी चीजें तबाह हो गई थीं। इस्लामाबाद के "खुली जंग" के ऐलान के साथ, तालिबान ने डटकर जवाब देने की कसम खाई, उनके डिप्टी स्पोक्सपर्सन ने एक्स पर ऐलान किया और हम उन्हें जीत दिलाएंगे। बदले का यह सिलसिला - खैबर पख्तूनख्वा में बॉर्डर पर फायरिंग से शुरू हुआ - अब पाकिस्तान के नर्व सेंटर के लिए खतरा बन गया है, जिससे अर्बन वॉरफेयर का डर बढ़ गया है।

# पाकिस्तान पर बरसाए ताबड़तोड़ ड्रोन, कराची में हाई अलर्ट

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** ने कथित तौर पर दावा किया है कि उसके नए मिलिट्री हमले में 133 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गए और 200 से ज्यादा घायल हुए हैं। काबुल को हालात बिगड़ने की चेतावनी देते हुए, इस्लामाबाद के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि सेना में ह्लकिसी भी हमलावर इरादे को कुचलनेह्व की क्षमता है, जबकि रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हमारे सब्र की हद हो गई है और चेतावनी दी कि अब दोनों पक्षों के बीच ह्लखुली जंगह्व है। न्यूज एजेंसी एएफपी के पत्रकारों ने तोरखम बॉर्डर क्रॉसिंग के पास नई गोलीबारी और गोलाबारी की खबर दी है। शुक्रवार को सुबह करीब 9:30 बजे से अफगानिस्तान की तरफ से गोलाबारी की आवाजें सुनी गईं, जिसके बाद बॉर्डर पार से गोलीबारी हुई।

पाकिस्तान के डॉन ने सरकारी



मीडिया के हवाले से बताया कि पाकिस्तानी एयर फोर्स के जेट अफगानिस्तान के कंधार इलाके के आसमान में पेट्रोलिंग कर रहे हैं। ब्रॉडकास्टर ने सिक्योरिटी सूत्रों के हवाले से कहा कि पाकिस्तान आर्म्ड फोर्स किसी भी हमले के लिए पूरी तरह तैयार है और उसके पास करारा जवाब देने की काबिलियत है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच रात भर तनाव तेजी से बढ़ गया, दोनों पक्षों ने भारी नुकसान का दावा किया और विवादित बॉर्डर पर जवाबी हमले किए। काबुल और कंधार में धमाके और गोलीबारी की खबरें आईं, जबकि इस्लामाबाद और काबुल के नेताओं ने एक-दूसरे पर हमले के आरोप लगाए। अफगानिस्तान के नेशनल डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा कि गुरुवार को डूरंड लाइन पर किए गए जवाबी ऑपरेशन में 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। 2,611 ै का बॉर्डर झ्र जिसे डूरंड लाइन के नाम से जाना जाता है।

# महायुद्ध की आहट?



**वॉशिंगटन**

**चीन** ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से जल्द से जल्द ईरान छोड़ने की अपील की, क्योंकि बातचीत का नया दौर बिना किसी डील के खत्म होने के बाद वर एयर स्ट्राइक का खतरा बढ़ गया है। बीजिंग में विदेश मंत्रालय ने चेतावनी दी कि ईरान में ह्लबाहरी सुरक्षा जोखिम काफी बढ़ गए हैंह्व और कहा कि उसके नागरिकों को उस देश की यात्रा नहीं करनी चाहिए। इसने यह भी कहा कि जो लोग पहले से वहां हैं, उन्हें ह्लअपनी सुरक्षा सावधानियां बढ़ानी चाहिए और जितनी जल्दी हो सके वहां से निकल जाना चाहिए। एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया कि ईरान और पड़ोसी देशों में चीनी एम्बेसी और कॉन्सुलेट, कमर्शियल फ़्लाइट या जमीनी रास्तों से चीनी नागरिकों को दूसरी जगह जाने में जरूरी मदद देंगे। वॉशिंगटन और तेहरान के बीच बढ़ते तनाव और इस इलाके में अमेरिका मिलिट्री की संख्या बढ़ने से ऑस्ट्रेलिया, भारत, दक्षिण कोरिया और स्वीडन जैसे कई देशों ने इसी तरह की ट्रैवल या इवैक्युएशन वॉर्निंग जारी की है। इजराइल में चीनी एम्बेसी ने अपने नागरिकों से इजराइली सरकार के जारी किए गए सिक्योरिटी अलर्ट पर करीब से नजर रखने को कहा। इसने उनसे इमरजेंसी की तैयारी मजबूत करने, आस-पास के बम शेल्टर और निकलने के रास्तों से खुद को परिचित करने, और उत्तरी बॉर्डर और गाजा के पास के इलाके सहित बहुत ज्यादा खतरे वाले इलाकों से बचने को कहा।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि चीन समस्याओं को हल करने के लिए पॉलिटिकल और डिप्लोमैटिक तरीकों के इस्तेमाल का समर्थन करता है और धमकी या ताकत के इस्तेमाल का विरोध करता है।

उन्होंने आगे कहा कि चीन ईरानी सरकार और लोगों को उनके देश की स्थिरता और कानूनी अधिकारों और हितों को बनाए रखने में सपोर्ट करता है। मिडिल ईस्ट में एक और लड़ाई का डर बढ़ गया है क्योंकि वर इस इलाके में अपने जंगी जहाजों और प्लेन का बेड़ा बनाना जारी रखे हुए है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# जिसका चीन-पाकिस्तान को था डर, इजरायल ने भारत को वही दे दिया!

**इजराइल**

**9 साल बाद** इजराइल के दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी का ऐसा धमाकेदार स्वागत हुआ कि जिसकी चर्चा दुनिया भर में हो रही है। स्वागत की इन दमदार तस्वीरों को देखकर भारत के दुश्मनों की नींद उड़ी हुई है। क्योंकि जैसे ही पीएम मोदी का विमान इजराइल की धरती पर लैंड हुआ, तो खुद पीएम नेतन्याहू और उनकी पत्नी उन्हें लेने के लिए एयरपोर्ट पर पहुंचे। दोनों नेता एक दूसरे से पुराने दोस्त की तरह गले मिले और फिर पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जहां इजराइल में पीएम मोदी के भव्य स्वागत की खूब चर्चा हो रही है तो व पूरी दुनिया की निगाह इस बात पर टिकी हुई है कि भारत और इजराइल के बीच कौन सी बड़ी डिफेंस डील होने वाली है। लेकिन अब इजराइल से भारत के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी सामने आई है। जिस हथियार को इजराइल ने दुनिया से छिपा कर रखा था, जिस ब्रह्मास्त्र को इजराइल से दुनिया मांगती रह गई, उसे अब नेतन यू



भारत को देने जा रहे हैं। दरअसल इजराइल ने भारत को अपना सबसे सीक्रेट हथियार गोल्डन होराइजन एयर लॉन्च बैलेस्टिक मिसाइल देने का फैसला लिया है। इस मिसाइल की ताकत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यह ब्रह्मोस से भी ज्यादा घातक और खतरनाक है जो भीषण तबाही मचा सकती है।

# क्या संबंधों पर जमी बर्फ पिघलेगी?

**कनाडा**

**कनाडा** के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी शुक्रवार को मुंबई पहुंचे। वे 2 मार्च तक भारत के अपने ऑफिशियल दौरे पर रहेंगे। यह कार्नी का देश का पहला ऑफिशियल दौरा है। कार्नी के दौरे का मकसद दोनों देशों के बीच रिश्ते फिर से बनाना और व्यापार को बढ़ावा देना है, क्योंकि कनाडा का मकसद अमेरिका के साथ खराब रिश्तों के असर को कम करना और भारत, चीन और मिडिल ईस्ट जैसे देशों के साथ रिश्ते गहरे करना है। एएफपी के मुताबिक, मुंबई पहुंचने के बाद, उनके नई दिल्ली जाने से पहले बिजनेस लीडर्स से बातचीत करने की उम्मीद है, जहां सोमवार को उनका पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने का प्लान है। हाल के सालों में भारत और कनाडा के बीच रिश्ते तब और खराब हो गए जब पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक कनाडाई नागरिक की हत्या में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया, जबकि नई दिल्ली ने इन दावों को बार-बार नकारा है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रूडो के उलट, कार्नी पंजाब नहीं जाएंगे, जो सिख अलगाववादी राजनीति से जुड़ा इलाका है। एनालिस्ट इसे भारतीय अधिकारियों के साथ टकराव से बचने के कदम के तौर पर देख रहे हैं।

# भारत के इशारे पर घुसकर मारा...तालिबान के हमले पर रोने लगा पाकिस्तान

**अफगानिस्तान**

**पाकिस्तान** और अफगानिस्तान के बीच हालात अब बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुके हैं। सीमा पर महीनों से चल रहे तनाव अब खुले संघर्ष में बदलता दिखाई दे रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में हुई झड़पों के बाद पाकिस्तान के नेताओं के बयान और भी ज्यादा आक्रामक हो गए हैं। और इसी बीच पाकिस्तान ने एक बड़ा आरोप लगाया कि अफगानिस्तान में तालिबान भारत के इशारों पर काम कर रहा है। यानी जब सीमा पर हमला हुआ तो पाकिस्तान ने सीधे भारत का नाम ले लिया। अब आखिर यह पूरा मामला क्या है? सीमा पर क्या हुआ और क्यों पाकिस्तान अचानक भारत का नाम लेकर रो रहा है।

दरअसल पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर लंबे समय से तनाव चल रहा है। लेकिन हाल की घटनाओं ने हालात को और ज्यादा गंभीर बना दिया। सूत्रों के मुताबिक सीमा के पास कई इलाकों में गोलीबारी और हमले हुए। इन झड़पों के बाद दोनों देशों ने एक दूसरे पर आरोप लगाया कि पहले हमला किसने किया? इसी बीच पाकिस्तान की तरफ से दावा किया गया कि अफगान तालिबान ने सीमा के अंदर घुसकर हमला किया है। तो वहीं पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बेहद तीखा बयान दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि तालिबान ने अफगानिस्तान को भारत का प्रॉक्सी बना दिया है। उनका कहना है कि वहां दुनिया भर के आतंकवादियों को इकट्ठा किया जा रहा है और आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है।

वो पाकिस्तान जो आतंकवादियों को बनाता है, पालता है, पोसता है। ना जाने कहां-कहां हमले करवाता है, वो भारत का नाम ले रहा है और भारत पर आरोप लगा रहा है। जिससे यह पता चलता है कि





पाकिस्तान अब खुद अपने पाले हुए आतंकियों के सामने अपनी गर्दन दे चुका है। वैसे ख्वाजा आसिफ ने आगे यह भी कहा कि पाकिस्तान ने कई बार संबंध सुधारने की कोशिश की। सीधे बातचीत भी की और मित्र देशों के जरिए भी संदेश भेजे लेकिन उनके मुताबिक हालात उल्टे खराब होते चले गए। उनका कहना था कि अब पाकिस्तान का धैर्य खत्म हो चुका है और संघर्ष शुरू हो चुका है। अब रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुवार रात सीमा पर बड़ा हमला हुआ। पाकिस्तानी दावे के अनुसार अफगान हमलों में लगभग 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। हालांकि इन आंकड़ों की स्वतंत्र पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। इसके बाद पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाही शुरू की। यह वही पल था जब सीमा पर संघर्ष अचानक तेज हो गया। पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया जिसका नाम बताया जा रहा है ऑपरेशन गजब लिल हक। इस ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान ने सीमा के पास कई तालीबानी ठिकानों को निशाना बनाया। पाकिस्तानी सरकार के अनुसार तालीबान की कई चौकियों पर हमले हुए, कई ठिकाने नष्ट किए गए और बड़ी संख्या में तालीबानी लड़ाके मारे गए। अब पाकिस्तानी सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने दावा किया कि इस कार्रवाही में 130 से ज्यादा तालीबानी लड़ाके मारे गए और 200 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं।

# इस्लामाबाद का 274 तालिबान मारने का दावा, काबुल का पलटवार

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** ने कथित तौर पर दावा किया है कि उसके नए मिलिट्री हमले में 274 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गए और कई घायल हुए हैं। काबुल को तनाव बढ़ने की चेतावनी देते हुए, इस्लामाबाद के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि सेना में ह्लकिसी भी आक्रामक इरादे को कुचलनेह्व की क्षमता है, जबकि रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हमारे सब्र की हद हो गई है और चेतावनी दी कि अब दोनों पक्षों के बीच खुली जंग है। न्यूज एजेंसी एएफपी के पत्रकारों ने तोरखम बॉर्डर क्रॉसिंग के पास नई गोलीबारी और गोलाबारी की खबर दी। शुक्रवार को सुबह करीब 9:30 बजे से अफगानिस्तान की तरफ से गोलाबारी की आवाजें सुनी गईं, जिसके बाद बॉर्डर पार से गोलीबारी हुई। पाकिस्तान के डॉन ने सरकारी मीडिया के हवाले से बताया कि पाकिस्तानी एयर फोर्स के जेट अफगानिस्तान के कंधार इलाके के आसमान में पेट्रोलिंग कर रहे हैं। ब्रॉडकास्टर ने सिक्योरिटी सूत्रों के हवाले से कहा, ह्लपाकिस्तानी आर्म्ड फोर्स किसी भी हमले के लिए पूरी तरह तैयार हैं और उनके पास करारा जवाब देने की काबिलियत है।

दोनों पक्षों ने जो हुआ उसके बारे में बिल्कुल अलग-अलग बातें बताई हैं। तालिबान सरकार ने शुक्रवार के एयर स्ट्राइक की पुष्टि की, प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगान सेना ने 55



पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया, जबकि अफगान सैनिकों में मरने वालों की संख्या 13 बताई। पाकिस्तानी सेना के पब्लिसिटी विंग, क्रढफ के हेड, लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने रिपोर्टरों को बताया कि "तालिबान सरकार के 274 सदस्य और आतंकवादी" मारे गए हैं, जबकि 12 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। दोनों पक्षों के हताहत होने के दावों को अलग-अलग वेरिफाई करना मुश्किल है।

तालिबान का कहना है कि 55 पाक सैनिक मारे गए

तालिबान ने शुक्रवार को एक प्रेस रिलीज में कहा कि उसने रात भर चले ऑपरेशन में कम से कम 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया। अफगान सरकार ने दो पाकिस्तानी आर्मी बेस पर कब्जा करने का भी दावा किया। तालिबान के एक बयान में कहा गया, कुल 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, दो बेस और 19 पोस्ट पर कब्जा कर लिया गया। इन हमलों में डूरंड लाइन पर, पक्तिका, पक्तिया, खोस्त, नंगरहार, कुनार और नूरिस्तान प्रांतों के पास पाकिस्तानी मिलिट्री फोर्स को निशाना बनाया गया। इन ऑपरेशन में तय मकसद प्लान के मुताबिक पूरे हुए, और आधी रात को इस्लामिक अमीरात के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ के आदेश पर, लड़ाई बंद हो गई।

इस्लामाबाद ने कहा कि एबटाबाद में ड्रोन हमला ह्यनाकामह्न हो गया

पाकिस्तान ने कहा है कि उसके सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा के एबटाबाद में एक ड्रोन हमले को नाकाम कर दिया है, डॉन ने जिला पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया।